मालदा व मणिपुर की घटनाओं को लेकर सीटू तथा कृषक सभा का प्रदर्शन पेज-3
बैलेंस ऑफ पावर बनने पर सरकार में शामिल होगी बसपा : मायावती पेज-5
त्रिपुरा तृणमूल प्रदेश अध्यक्ष पीयूष कांति विश्वास ने दिया इस्तीफा पेज-6

बुधवार 26 जुलाई 2023
अ. श्रावण, शु. प. अष्टमी, विक्रमीय संवत् 2080
मूल्य Rs. 4, (कोलकाता Rs. 3)
वर्ष : 18, संख्या : 233, पृष्ठ-8
कोलकाता
RNI No. WBHIN/2005/16483

# भारतमित्र

खबरों की नई पहचान

BHARATMITRA, KOLKATA, WEDNESDAY, 26 JULY, 2023



## चंद्रमा के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3



**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 मंगलवार को चंद्रमा की ओर एक कदम और आगे बढ़ गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को एक बार फिर कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा कर चंद्रयान-3 को पृथ्वी की पांचवीं कक्षा और आखिरी कक्षा में भेज दिया है। इसरो अब एक अगस्त को मध्यरात्रि 12-01 बजे के बीच चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में भेजेगा। मंगलवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-3 पृथ्वी की पांचवीं कक्षा (पृथ्वी-बाउंड पेरिगी फायरिंग) में बंगलुरु से सफलतापूर्वक निष्पादित की गई है। 25 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच चंद्रयान-3 की कक्षा को सफलतापूर्वक बदला गया। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के तीसरे संस्करण को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करना है, जिससे चंद्रमा की दुर्लभ तस्वीरें और जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

## एयर होस्टेस गीतिका खुदकुशी मामले में गोपाल कांडा बरी

**नई दिल्ली।** साल 2012 में बहुचर्चित एयर होस्टेस गीतिका सुसाइड मामले में आरोपित गोपाल कांडा को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। गोपाल कांडा की एयरलाइन कंपनी एमडीएलआर में गीतिका बतौर एयर होस्टेस काम करती थी और उन्होंने 5 अगस्त 2012 को दिल्ली के अशोक विहार में खुदकुशी कर ली थी। गीतिका ने अपने सुसाइड नोट में इस कदम के लिए कांडा और उनकी कंपनी में सीनियर मैनेजर रहीं अरुणा चड्ढा को जिम्मेदार ठहराया था। कांडा को इस मामले में 18 महीनों तक जेल में रहना पड़ा था। इसके बाद उनको मार्च 2014 में जमानत दे दी गई थी। बताया जाता है कि उनको यह जमानत सह आरोपित अरुणा चड्ढा को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आधार पर मिली थी। गीतिका की मौत के करीब छह महीने बाद उनकी मां अनुराधा शर्मा ने भी आत्महत्या कर ली थी। गोपाल कांडा ने मामले में बरी होने के बाद कहा कि इस केस में मेरे खिलाफ एक भी एविडेंस नहीं था, ये आज कोर्ट में साबित हो गया। वहीं उनके वकील आरएस मलिक ने कहा कि उन्होंने 11 साल तक ट्रायल फेस किया है और यह बहुत ही मुश्किल मामला था।

### विपक्ष के इंडिया पर पीएम मोदी ने कहा, आतंकी संगठनों ने भी रखा इंडिया नाम

# जो कहना है कहें, वी आर इंडिया : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया नाम को लेकर विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि आतंकी संगठनों में भी इंडिया नाम रखा है। यही नहीं, देश को गुलाम बनाने वाली कंपनी ने भी अपना नाम ईस्ट इंडिया ही रखा था। भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडिया नाम का भी अजीब संयोग है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल कांग्रेस तो अंग्रेजो ने बनाया था। इंडियन मुजाहिदीन की स्थापना आतंकवादियों ने की थी और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठनों में भी इंडिया लगा है। वहीं पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी आप जो चाहें कह लीजिए, हम इंडिया हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि आप हमें जो चाहें बुला लें मोदी जी. हम भारत हैं। हम मणिपुर को ठीक करने और हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेंगे। हम राज्य के सभी लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लाएंगे। हम मणिपुर में भारत के विचार का पुनर्निर्माण करेंगे। उन्होंने



अंग्रेजी में ट्वीट किया, कॉल अस व्हाटएवर यू वांट, मिस्टर मोदी। वी आर इंडिया। वी विल हेल्प हील मणिपुर एंड वाइप द टीयर्स आफ एवरी वूमन एंड चाइल्ड। वी विल ब्रिंग बैक लव एंड पीस फॉर आल हर पीपुल। वी विल रिबिल्ड द आइडिया आफ इंडिया इन मणिपुर।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक में विपक्ष को दिशाहीन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि ऐसा दिशाहीन विपक्ष तो उन्होंने आज तक नहीं देखा। उन्होंने पूरे देश के गांवों से मिट्टी लाकर दिल्ली में एक अमृत वन बनाने की बात भी बैठक में कही। उन्होंने अंधेरे के बाद भोर होने का जिक्र करते हुए कहा कि भोर में एनर्जी ज्यादा होती है इसलिए सबको एकजुट हो जाना चाहिए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विपक्ष हताश और दिशाहीन है। विपक्ष के पास कोई विजन नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष के व्यवहार पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि विपक्ष के आचरण से पता चलता है कि उसने लंबे समय तक स्थायी रूप से विपक्ष में रहने का फैसला किया है। बैठक में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि हमारी सरकार देश का विकास कर रह है। सरकार मणिपुर मामले पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन फिर भी विपक्ष संसद के सदनों को चलने नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्षी पार्टियों इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव एलायंस) की योजना पर जोशी ने कहा कि पिछली बार जब विपक्ष 2018-19 में अविश्वास प्रस्ताव लाया था, तो 2019 के चुनावों में भाजपा की सीटें 282 से बढ़कर 300 से अधिक हो गईं।

### संसद में जवाब दें पीएम मोदी : विपक्ष

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों का संगठन (इंडिया) ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद में आकर मणिपुर मुद्दे पर विस्तृत जानकारी दें। कांग्रेस का कहना है कि विपक्षी दलों के संगठन (इंडिया) की संयुक्त मांग है कि प्रधानमंत्री मोदी इस विषय को लेकर संसद को संबोधित करें और मणिपुर के हालात से देश को अवगत कराएं। कांग्रेस ने कहा कि इस विषय को लेकर मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में संसद भवन परिसर में बैठक हुई है। जहां यह निर्णय लिया गया है। बैठक के बाद खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि मणिपुर में 83 दिनों से लगातार हिंसा जारी है। वहां से आए दिन, दिल दहला देने वाली कहानियां सामने आ रही हैं। ऐसे मुद्दे पर प्रधानमंत्री को सदन में जवाब देना चाहिए।

# राज्यपाल से मिलने पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### अब सप्ताह के पहले दिन विधानसभा में रहेंगी उपस्थित

**कोलकाता।** पंचायत चुनाव के दौरान राज्य में हुई हिंसा को लेकर राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस ने राज्य प्रशासन और सरकार पर सवाल खड़ा करना शुरू किया था। उसके बाद राजभवन और तृणमूल के बीच रिश्ते तल्ख हो गए थे लेकिन चुनाव खत्म होते ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संबंधों को मधुर बनाने की कवायद शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को राज्य सचिवालय से निकलकर सीधे राजभवन पहुंचीं। सूत्रों ने बताया है कि राज्यपाल डॉ. बोस के साथ सीएम की करीब आधे घंटे से अधिक की बैठक हुई। मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने बताया कि केवल शिष्टाचार मुलाकात के लिए सीएम यहां आई हैं। चुनाव के बाद हालात सामान्य हो रहे हैं। ऐसे में दोनों की मुलाकात बहुत खास मानी जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि पंचायत चुनाव के समय राज्यपाल और तृणमूल के बीच तल्खी बढ़ने के बाद विधानसभा के चालू मानसून सत्र की शुरुआत से पहले भी जटिलताएं शुरू हो गई थीं। राज्यपाल ने सदन की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। बाद में संसदीय कार्य मंत्री शोभन देव चट्टोपाध्याय और विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी से बातचीत के बाद उन्होंने सहमति दी।



(फोटो : भारतमित्र)

फिलहाल विधानसभा का सत्र चल रहा है।

इस बीच सीएम बनर्जी का उनसे मुलाकात इसलिए भी बेहद खास माना जा रहा है क्योंकि इस बार बंगाल विधानसभा में कई महत्वपूर्ण बिल पेश कर पास किया जाएगा जिसमें राज्यपाल की सहमति की जरूरत होगी। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब राज्य विधानसभा के चालू सत्र के दौरान सप्ताह के अंतिम दिन के बजाय पहले दिन सदन में उपस्थित रहेंगी। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस बाबत अधिसूचना जारी कर जानकारी दी गई है।

बताया गया है कि सीएम पहले सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही में उपस्थित रहती थीं लेकिन अब सप्ताह के पहले दिन सोमवार को उपस्थित रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी इच्छा जाहिर की थी। दरअसल ममता बनर्जी विधानसभा में एक निर्धारित दिन शुक्रवार को उपस्थित होती रही हैं।

हालांकि आवश्यकता पड़ने पर वह बीच-बीच में भी आती जाती हैं लेकिन शुक्रवार को वह जरूर उपस्थित होती रही हैं। अब सूत्रों ने बताया है कि मुख्यमंत्री ने जब सप्ताह के पहले दिन सोमवार को विधानसभा में उपस्थित रहने की जानकारी दी है तो उस दिन विपक्षी विधायक भी सदन में उपस्थित रहेंगे। इससे सप्ताह के पहले दिन विधानसभा में सकारात्मक चर्चा या अन्य कार्यवाही हो सकती है।

## रूपक दत्ता होंगे सीएम ममता के नए सुरक्षा सलाहकार



**कोलकाता।** राज्य मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी और कर्नाटक के पूर्व डीजीपी रूपक कुमार दत्ता को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नए सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। दत्ता सीबीआई के पूर्व विशेष निदेशक भी रह चुके हैं। एक वरिष्ठ कैबिनेट सदस्य ने मंगलवार को कहा कि हालांकि राज्य सरकार पंचायत चुनाव से पहले ही दत्ता की सलाहकार सेवाओं को स्वीकार कर रही थी, लेकिन सुरक्षा सलाहकार के रूप में उनकी नियुक्ति को औपचारिक रूप से सोमवार की शाम को मंजूरी दे दी गई। सदस्य ने कहा कि वह मुख्य रूप से कानून और व्यवस्था जैसे सामान्य मुद्दों के अलावा पश्चिम बंगाल में अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा पहलुओं पर सलाह देंगे। दत्ता की नियुक्ति को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां 21 जुलाई को कालीघाट में मुख्यमंत्री के आवास के पास हथियार और नशीले पदार्थ ले जाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। आरोपित शेख नूरू अमीन के पास इंटेलिजेंस ब्यूरो और बीएसएफ जैसी कई सुरक्षा एजेंसियों के फर्जी पहचान पत्र थे। जिस कार में वह सफर कर रहा था, उस पर भी पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था।

## मेघालय के सीएमओ पर हमला, 5 सुरक्षाकर्मी घायल

### 2 भाजपा नेता सहित 18 लोग गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के तुरा स्थित कार्यालय पर भीड़ ने सोमवार की शाम हमला कर दिया। इस हमले में मुख्यमंत्री संगमा सुरक्षित हैं, लेकिन उनके 5 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। हालात संभालने के लिए तुरा शहर में रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाना पड़ा। हमले के वक्त संगमा अचिक कॉन्शियस होलिस्टिकली इंटीग्रेटेड क्रिमा और गारो हिल्स स्टेट मूवमेंट कमेटी के प्रतिनिधियों से बातचीत कर थे। दोनों संगठन के कुछ सदस्य पिछले 14 दिन से तुरा को विंटर कैपिटल बनाने की मांग पर अनशन कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने इस मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में दो महिला भाजपा पदाधिकारी भी शामिल हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री की बातचीत करीब-करीब पूरी हो गई थी तभी अचानक भीड़ आई और पथराव करने लगी। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। भीड़ ने मुख्यमंत्री कार्यालय का गेट तोड़ने की भी कोशिश की। मुख्यमंत्री संगमा ने हिंसा में घायल सुरक्षाकर्मियों का हालचाल जाना। संगमा ने घायल सुरक्षाकर्मियों के लिए 50 हजार रुपये की मदद और इलाज का खर्च देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने कहा है यह हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इन संगठनों के प्रतिनिधि भी नहीं जानते कि हमलावर कौन हैं। यह बाहर से आए हुए लोग थे। इनका पता लगाया जा रहा है।

### बारिश शुरू होते ही राज्य में डेंगू से मौत का सिलसिला जारी

# दो दिनों में महानगर में 2 लोगों की मौत

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश अभी ठीक से शुरू भी नहीं हुई है कि जानलेवा बीमारी डेंगू ने अपने पांव पसारने शुरू कर दिया है। डेंगू की वजह से पुछले 2 दिनों में महानगर में 2 लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। पल्लवी दे नाम की 10 साल की बच्ची का निधन हो गया है। उसे पार्क सर्कस के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। घर वालों ने बताया कि 20 जुलाई को उसे अस्पताल में भर्ती किया गया जहां लगातार उसका इलाज चल रहा था। जांच में डेंगू संक्रमण की पुष्टि हो गई थी।



अब उसने दम तोड़ दिया है। डेथ सर्टिफिकेट पर डेंगू की वजह से मौत का जिक्र किया गया है। बताया गया है कि 22 जुलाई को दोपहर 1:04 पर उसकी मौत हुई है। हालांकि तीन दिनों बाद यह बात उजागर हुई है कि बच्ची की मौत डेंगू की वजह से हुई है। यह डेंगू की वजह से होने वाली इस साल राज्य की दूसरी मौत है। बच्ची पिकनिक गार्डन रोड की रहने वाली थी। इधर, राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में डेंगू का संक्रमण तेजी से फैला है। दुर्गापुर के 32 नंबर वार्ड में 50 से अधिक लोग डेंगू की चपेट में हैं। इसकी जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरे क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी है। बताया गया है कि केवल दो दिनों में 10 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है। कोलकाता के भी अलग-अलग अस्पतालों में डेंगू संक्रमण जैसे लक्षणों से ग्रसित लोगों को भर्ती किया गया है। महानगर कोलकाता में पिछले दो दिनों में दो लोगों की मौत की खबर सामने आई है, जिसे लेकर प्रशासन में चिंता बढ़ने लगी है। कोलकाता के राजकीय बेलेघाटा आईडी अस्पताल में 45 साल की एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह नदिया जिले के राणाघाट थाना अंतर्गत धानतला की रहने वाली थी। अस्पताल सूत्रों ने बताया है कि पिछले सप्ताह उसे भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान डेंगू संक्रमण की पुष्टि होने के बाद इलाज चल रहा था लेकिन उसकी जान बचाई ना जा सकी। उसके पहले 10 साल की बच्ची ने भी डेंगू से दम तोड़ा। दो दिनों में दो लोगों की मौत के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी शुरू कर दी है। राज्य स्वास्थ्य सेवा के निदेशक सिद्धार्थ नियोगी ने मंगलवार को कहा कि कोलकाता सहित आसपास के कई जगहों पर डेंगू संक्रमण की जानकारी मिली है। नगर निगम और अस्पतालों को रिपोर्ट देने को कहा गया है। राज्य सरकार इलाज की बेहतर व्यवस्था में जुटी हुई है।

## बात पते की... श्याम जगोता




### उपलब्धि : पूरी दुनिया में बजने लगा भारतीय रुपये का डंका

# कई देशों ने भारतीय मुद्रा में लेनदेन को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा में लेन-देन की कई देशों की मंजूरी के बाद अब भारतीय मुद्रा रुपये का भी डंका पूरी दुनिया में बजने लगा है। बता दें कि हाल ही में श्रीलंका की सरकार ने भी भारतीय रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में मंजूरी दे दी है। अब भारत और श्रीलंका के बीच भारतीय मुद्रा में व्यापार हो सकेगा। यही नहीं, भारतीय नागरिक श्रीलंका में पर्यटन के लिहाज से भी भारतीय मुद्रा का उपयोग कर पाएंगे। श्रीलंका पहला देश नहीं है, जिसने इस तरह से भारतीय मुद्रा को अपने यहां मान्यता दी है। इसके पहले भी कई देश भारतीय रुपये को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दे चुके हैं। इससे साफ है कि भारतीय रुपया का दुनियाभर में बोलबाला बढ़ने लगा है। यूं कहें कि अब भारतीय मुद्रा डॉलर और पाउंड को टक्कर देने की तैयारी में है तो गलत नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल अमेरिकी मुद्रा डॉलर दुनिया की सबसे ताकतवर मुद्रा है। कुल वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी 80 फीसदी के करीब है। मतलब दुनियाभर में होने वाले कारोबार में 80 फीसदी से ज्यादा का लेनदेन डॉलर में ही होता है। भारत समेत दुनियाभर के कई देश विदेशी आयात-निर्यात के लिए डॉलर पर



ही निर्भर रहते थे। अगर उन्हें किसी दूसरे देश से कुछ खरीदना है या बेचना है तो डॉलर में ही भुगतान करना पड़ता है। इसीलिए इसे दुनिया की सबसे ताकतवर करेंसी माना जाता है। अब इसमें बदलाव होना शुरू हो गया है। कई देशों ने भारतीय मुद्रा में लेनदेन की मंजूरी दे दी है। इससे डॉलर पर निर्भरता घटेगी और रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत होगा। भारत के साथ रुपये में व्यापार करने में दिलचस्पी दिखाने वाले ज्यादातर देश, विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर की कमी का सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार दुनियाभर के 64 देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। इसमें जर्मनी, इजराइल जैसे बड़े देश भी शामिल हैं। पहली बार यूरोपीय यूनियन में शामिल देश जर्मनी एशिया की किसी मुद्रा यानी भारतीय मुद्रा रुपये के साथ व्यापार करने के लिए आगे आया है। अगर 30 देशों के साथ भारत का रुपये में कारोबार शुरू हो गया तो फिर रुपया अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बन जाएगा। रूस और श्रीलंका के साथ-साथ चार अन्य अफ्रीकी देश इसके लिए मंजूरी दे चुके हैं। इसके अलावा 17 ऐसे देश हैं, जहां भारत ने वोस्ट्रो खाते खोले हैं। ये दूसरे देशों के साथ रुपये में बिजनेस के लिए अनिवार्य है। इन 17 देशों में 12 भारतीय बैंकों को मंजूरी दी गई है। इस लिस्ट में भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, यस बैंक और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं। इसके बाद अगर कोई भारतीय खरीदार किसी विदेशी व्यापारी के साथ रुपये में लेन-देन करना चाहता है तो सारी रकम वोस्ट्रो खाते में जमा की जाएगी।

# दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में चोरी करने के दौरान एक चोर की फंस गई गर्दन, पकड़ा गया

## करीब आठ घंटे तक लोहे के दरवाजे में फंसा रहा व रातभर चीखता रहा
## जनरल शिफ्ट के कर्मचारी स्टोर में दाखिल हुए तो घटना की हुई जानकारी
## डीएसपी में सुरक्षा को लेकर सीआईएसएस की भूमिका पर उठाए गए कई सवाल

दुर्गापुर। दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) में चोरी करने के दौरान एक चोर की गर्दन फंस गई और वह पकड़ा गया। संयंत्र सूत्रों के मुताबिक दुर्गापुर के मेन गेट के राजनगर इलाके का रहने वाला अल्ताब अली नामक चोर कल रात करीब 2 बजे डीएसपी के सीएचआरडी (प्लांट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) से सटे एक स्टोर में चोरी करने के लिए घुसा था, लेकिन किसी तरह उसका सिर उस स्टोर के एक लोहे के दरवाजे में फंस गया। जहां से वह किसी तरह भी खुद को मुक्त नहीं कर सका और बचाव के लिए चिल्लाने लगा, लेकिन उससे कोई लाभ नहीं हुआ।



करीब आठ घंटे तक वह लोहे के दरवाजे में फंसा रहा। मंगलवार सुबह जब ड्यूटी पर पहुंचे डीएसपी कर्मचारियों ने गेट में फंसे उस व्यक्ति को देखकर शोर मचाया। वह चोर अपने बचाव के लिए चिल्ला रहा था। कर्मचारियों को समझ आ गया कि वह चोर है जो चोरी करने आया था, लेकिन भागते समय उसकी गर्दन फंस गई। सीआईएसएफ को यह सूचना दी गई। सीआईएसएफ के उपस्थिति में उस चोर को नीचे उतारा गया और संयंत्र चिकित्सक के पास प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पुलिस के हाथों सौंप दिया गया। बताया जाता है कि स्टोर में देर रात करीब 2 बजे चोर घुसा था। स्टोर का गेट लोहे की जाली का होने की वजह से वह ऊपरी हिस्सा किसी तरह अंदर की तरफ अंदर तो घुस गया, लेकिन बाहर निकलते समय गर्दन बाहर नहीं निकाल सका और वह फंस गया। वह रातभर चीखता रहा, कोशिश करता रहा, लेकिन वह बाहर नहीं निकल सका। सुबह जनरल शिफ्ट के कर्मचारी स्टोर में दाखिल हुए तो घटना की जानकारी हुई।

इस घटना को देखते हुए डीएसपी के कर्मचारियों ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टोर में सीआईएसएफ के रहने के लिए कुछ कमरे हैं। मामला उनके ध्यान से कैसे छूट गया? जहां अल्ताब खुद को बचाने के लिए चिल्ला रहा था, वहां अल्ताब की आवाज उनके कानों तक कैसे नहीं पहुंची?

साथ ही कारखाना के कर्मचारियों के एक वर्ग ने सवाल यह भी है कि क्या संयंत्र की सुरक्षा सिर्फ कर्मचारियों के संयंत्र से निकलते समय उनकी तलाशी तक ही सीमाबद्ध है? बाकी समय क्या सुरक्षा पर किसी का ध्यान नहीं रहता?

# 12 पहिया ट्रक के नीचे आ गए स्कूटी समेत दंपत्ति, 1 की हालत गंभीर



कुल्टी। 12 पहिया ट्रक के नीचे आ गए स्कूटी समेत दंपत्ति। हादसा कुल्टी थाना अंतर्गत चितरंजन रोड पर चौरंगी चौकी से सटी सड़क पर हुआ। मालूम हो कि दंपत्ति झारखंड के मिहिजाम इलाके के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि माल लदा एक 12 पहिया ट्रक चित्तरंजन की ओर से आ रहा था। उसी दिशा से आ रही एक स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर 12 पहिया ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसे में स्कूटी चालक राकेश पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौरंगी चौकी की पुलिस ने उस व्यक्ति को बरामद कर तुरंत उसे इलाज के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेजा। वहीं, स्कूटर पर सवार एक अन्य महिला संजनादेवी को भी मामूली चोटें आईं है, उन्हें भी इलाज के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेजा गया। साथ ही पुलिस ने ट्रक जब्त करते हुए उसके चालक को अपने हिरासत में ले लिया।

## सुप्रभात

26 जुलाई, 2023 बुधवार, वर्ष मन्मथ (1941) आ.श्रावण शु.प अष्टमी सूर्योदय 06:11 ,सूर्यास्त 18.12

# दोनों इस्पात संयंत्रों डीएसपी व एएसपी गेट के समक्ष भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन

## मजदूर विरोधी नीतियों और पूर्ण वेतन समझौते सहित नौ सूत्री मांग

दुर्गापुर । डीएसपी अधिकारियों की मजदूर विरोधी नीतियों और पूर्ण वेतन समझौते सहित नौ सूत्री मांगों को लेकर हिंदुस्तान स्टील वर्कर्स यूनियन के समर्थक मंगलवार से भूख हड़ताल और धरने पर बैठ गए। इस दिन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष देवेश चक्रवर्ती के नेतृत्व में दुर्गापुर इस्पात संयंत्र के सामने यह आंदोलन और भूख हड़ताल आयोजित की गई। जिला कांग्रेस नेता देवेश चक्रवर्ती ने कहा कि गांधीजी के आदर्शों और सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए वे औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों और कर्मचारियों के हितों के लिए आंदोलन की राह पर निकले हैं।

दूसरी ओर, इसी दिन कांग्रेस का श्रमिक संगठन इंटक दस सूत्री मांगों को लेकर दुर्गापुर स्थित मिश्र इस्पात संयंत्र (एएसपी) के सामने भूख हड़ताल पर बैठ गया। मजदूर विरोधी नीति और पूर्ण वेतन समझौते की मांग को लेकर

इंटक एएसपी ठेका मजदूर कांग्रेस की ओर से मंगलवार की सुबह एएसपी गेट के सामने अनशन पर आईएनटीयूसी बैठ गयी। इस दिन इंटक के जिला अध्यक्ष सुभाष साहा ने कहा कि ठेका श्रमिकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार को खत्म किया जाये। हक की छुट्टी उन्हे मिलना चाहिए। तत्काल स्थायी श्रमिक नियुक्त करना होगा। इंटक नेतृत्व ने मांगें जल्द पूरी होने पर आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की भी धमकी दी।

# मुस्लिमों का प्रमुख पर्व मुहर्रम को लेकर आसनसोल नगर निगम में शांति बैठक का आयोजन

## अखाड़े में हथियारों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध, नहीं किया जाएगा डीजे का इस्तेमाल

दुर्गापुर। मुस्लिमों का प्रमुख पर्व मुहर्रम को लेकर आसनसोल नगर निगम में शांति बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी, एसीपी सेंट्रल देवराज दास, आसनसोल साउथ थाना प्रभारी निरीक्षक कौशिक कुंडू, पार्षद व बोरो चेयरमैन राजेश तिवारी समेत पुलिस प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आगामी मुहर्रम को लेकर बैठक में चर्चा की गई और इस पर्व को शांतिपूर्वक कैसे मनाया जाय इस पर विशेष बल दिया गया। इस संबंध में आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी ने कहा कि आसनसोल में हर त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाता है, जिसमें सभी धर्मों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मुहर्रम का त्यौहार भी शांतिपूर्वक मनाया जाता है और इस वर्ष भी इसी को मनाने के लिए आज की शांति बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मुहर्रम कमेटी के सदस्य भी मौजूद थे। मुहर्रम पर सभी की उपस्थिति में और अन्य क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा की गई। उन्होंने विश्वास जताया कि जिस तरह आसनसोल में हर त्यौहार भाईचारे के साथ मनाया जाता है, उसी तरह मुहर्रम भी मनाया जायेगा। वहीं आसनसोल साउथ थाना के प्रभारी निरीक्षक कौशिक कुंडू ने कहा कि आसनसोल का अपना इतिहास है जहां सभी धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं और सभी त्यौहार एक साथ मनाते हैं। आगामी मुहर्रम कोई अपवाद नहीं होगा और उनका मानना है कि आसनसोल के लोग शांतिपूर्वक त्योहार मनाएंगे। साथ ही भाईचारे की भावना कायम रखते हुए त्यौहार मनाया जाएगा। उन्होंने आगामी मुहर्रम को लेकर कुछ निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के अखाड़े में हथियारों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और डीजे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आसनसोल नगर निगम और पुलिस प्रशासन मुहर्रम कमेटियों के साथ है और इस त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# सिमुलतला स्टेशन पर चार मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

आसनसोल। श्रावणी मेला एक पावन तीर्थोत्सव है, जो दूर-दूर से आने वाले अनगिनत भक्तों को आकर्षित करती है। श्रावण के पवित्र महीने के दौरान आयोजित होने वाला यह भव्य मेला भगवान शिव को पूजा अर्पित करने के लिए होता है। इस पवित्र अवसर के महत्व को ध्यान में रखते हुए और भक्तों की आसानीपूर्वक आवाजाही की सुविधा के लिए रेलवे ने चार मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों जैसे 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल, 03243/03244 जसीडीह-दानापुर-जसीडीह, 03697/03698 जसीडीह-गया-जसीडीह और 03687/03688

जसीडीह-गया-जसडीह श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से आसनसोल मंडल के सिमुलतला स्टेशन पर दो (02) मिनट के लिए अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन क्रमशः 19.00 बजे और 06.05 बजे सिमुलतला पहुंचेगी। 03243/03244 जसीडीह-दानापुर-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन क्रमशः 14.49 बजे और 12.20 बजे सिमुलतला पहुंचेगी। 03697/03698 जसीडीह-गया-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन क्रमशः 08.04 बजे और 05.00 बजे सिमुलतला पहुंचेगी। 03687/03688 जसीडीह-गया-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन क्रमशः 11.24 बजे और 09.00 बजे सिमुलतला पहुंचेगी।

# आद्रा मंडल में विकास कार्यों के कारण ट्रेनों का विनियमन

आसनसोल । दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के तलगड़िया और बोकारो एन केबिन के बीच नई लाइन (दोहरीकरण) के निर्माण के संबंध में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार विनियमित किया जाएगा :ट्रेनों का रद्दकरण : 13503/13504 बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस, दिनांक 25.07.2023 से 28.07.2023 तक होने वाली यात्रा रद्द रहेगी. संक्षिप्त समापन/संक्षिप्त प्रारंभ : 13319/13320 दुमका-रांची-दुमका एक्सप्रेस, 25.07.2023 से 28.07.2023 तक की यात्रा का धनबाद में संक्षिप्त समापन होगा और फिर धनबाद से संक्षिप्त प्रारंभ होगा।

# अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध आरपीएफ ने चलाया अभियान

आसनसोल । आसनसोल रेल मंडल के आरपीएफ द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया । इस संबंध में बताया जाता है कि आसनसोल रेलवे स्टेशन के बाहर काफी संख्या में दुकानदार अतिक्रमण कर अपनी-अपनी दुकानें खोल रखी है । जिससे आने जाने वाले राहगीरों तथा वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही बसों को सड़क पर ही खड़ा होना पड़ता है । आरपीएफ द्वारा कुछ दिन पूर्व ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया था । जिसके बावजूद अतिक्रमण कारी अपने स्थान पर डटे रहे जिसके बाद आसनसोल आरपीएफ ने अभियान चलाया और दुकानदारों को पकड़ कर अपने साथ ले गए । इस दौरान स्थानीय दुकानदार धर्मेन्द्र साव ने बताया कि आरपीएफ ने पूर्व में ही दुकानदारों को चिट्ठी देकर जगह खाली करने को कहा था । लेकिन दुकानदारों ने जगह खाली नहीं किया ।

# प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में सम्मानित हुए संजय सिन्हा

आसनसोल । मीडिया पर्सनैलिटी और इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल कार्उसिल के चेयरमैन संजय सिन्हा को एपेक्स बॉडी ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की ओर से प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के हॉल में सम्मानित किया गया । संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा तथा सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के सीनियर लॉयर डॉ. रोमेश गौतम ने उन्हें पुष्प गुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री सिन्हा इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इस दौरान उन्होंने पत्रकारों की भूमिका पर अपनी बातें रखीं और सभी को संबोधित किया । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सहित अन्य विशिष्ट लोग मौजूद थे।

# आज का राशिफल

**मेष** आज दिन शुभ है और आपको लाभ होगा। ग्रहों की शुभ दशा से आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

**तुला** आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। महानपुरुषों से मेलजोल का लाभ आपको मिलेगा।

**वृषभ** रुके कार्य संपन्न होंगे और परिवार में खुशियां आएंगी। आज आप किसी जरूरी कार्य में धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक** बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है।

**मिथुन** आज आर्थिक मामलों में दिन शुभ है और आपके लिए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुराने उधार से मुक्त हो सकते हैं।

**कर्क** आपको कहीं से काफी समय से रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। नए संबंधों से आपको लाभ होगा।

**मकर** आज आपकी योजनाएं आज सफल होंगी। बहन-भाई के रिश्ते की बात आगे बढ़ सकती है।

**सिंह** आज का दिन बहुत सूझबूझ से काम लेने का है और आपको कुछ मामलों में हानि हो सकती है।

**कुंभ** आज का दिन सुख और आनंद में बीतेगा। राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या** आज ग्रहों के शुभ योग का निर्माण हो रहा है और आज आपके लिए आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं।

**मीन** आज आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल के लोगों से लाभ हो सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5079

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

# छोटा परदा

## बुधवार, दिनांक 26 जुलाई-2023

&TV HD 10:30 भाभी जी घर पर है, 11:00 भाभी जी घर पर है, 12:00 भाभी जी घर पर है, 1:00 भाभी जी घर पर है, 2:00 भाभी जी घर पर है,



4:00 लाल इश्क, 5:00 लाल इश्क, 6:00 लाल इश्क, 7:00 कहत हनुमान जय श्रीराम, 8:00 दूसरी मां, 8:30 एक महानायक, 9:00 ग्रहण जिंदगी का, 10:00 हप्पू सिंह की उल्टन पल्टन, 10:30 भाभी जी घर पर है, 11:00 भाभी जी घर पर है

>>>

SONY 11:00बेस्ट ऑफ कपिल शर्मा शो, 1:00 क्राईम पेट्रोल, 1:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ



क्राईम पेट्रोल, 7:00 पुण्यश्लोक, 7:30 बडे अच्छे लगते है, 8:00 बरसातें, 8:30 कथा अनकही, 9:00 रहें ना रहें हम, 10:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

>>>

ZEE TV 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 राधा मोहन, 12:30 कुमकुम भाग्य, 1:00 कुंडली भाग्य, 1:30 भाग्य लक्ष्मी, 3:00 कुंडली भाग्य, 4:00 मीत, 4:30 कुंडली भाग्य, 5:00 मीत , 6:00 कुमकुम भाग्य, 8:00 राधा मोहन, 7:30 मैं हूं अपराजिता, 8:30 भाग्य लक्ष्मी, 9:00 कुमकुम भाग्य, 10:00 रब से है दुआ, 10:30 मीत, 11:00



भाग्य लक्ष्मी

>>>

colors 11:00 शिव शक्ति, 12:00 उडारियां, 12:30 परिणीति, 1:00 प्यार के सात वचन,1:30 छोटी सरदारनी, 2:00 थपकी प्यार की, 6:00 सावी की सवारी, 68:30 सुहागन 6:30 सावी की सवारी, 7:00 उडाईयां, 7:30



परिणीति, 8:00 शिव शक्ति, 9:00 जुनुनियत, 10:00 प्यार के सात वचन

>>>

SONY SAB 11:00 वंशज, 11:30 वागले की



दुनिया, 12:00 पुष्पा, 1:00 वंशज, 1:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 2:00 मैडम सर, 2:30 धर्म योद्धा, 3:00 वंशज, , 3:30 बाल वीर, 4:00 सब सतरंगी, 4:30 दिल दिया गल्ला, 5:00 वागले की दुनिया, 5:30 पुष्पा, 6:00 मैडम सर, 8:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 बालवीर, 9:30 दिल दिया गल्ला, 8:00 ध्रुव तारा, 9:00 वागले की दुनिया, , 9:30 पुष्पा, 10:00 वंशज, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

>>>

DD NATIONAL 11:00 अंताक्षरी लीग, 12:00 वाह क्या कहना, 12:30



चित्रहार, 1:00 तड़ीपार, 4:00 गली-गली सिम-सिम, 5:30 तेजस्विनी, 6:00 चित्रहार, 8:30 श्री गणेश, 7:30 वाह क्या कहना, 8:00 ऑपरेशन, 8:30 कारपोरेट सरपंच, 10:00 कोई तो होगा अपना, 22:30 वांटेड, 11:00 वाह क्या कहना

>>>

ZEE CINEMA 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म

>>>

MOVIES OK 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

## वर्ग पहेली 5080

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | 13 | | | ■ | |
| ■ | 14 | | | | ■ | 15 | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 18 | | | ■ |
| ■ | 19 | | | | ■ | 20 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 3 जून 1918 को मध्यप्रदेश में यहां गांधीजी की अध्यक्षता में हिंदी साहित्य सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पारि प्रस्ताव द्वारा हिंदी राजभाषा मानी गई (3)
4. ये यूनानी दार्शनिक जो प्लेटो के गुरू थे (4)
8. पन्ने की चौड़ाई में विभाग, स्तंभ (3)
9. दंत पंक्तियों वाली लोहे की चौकोर कंघी, अरहर के डंठलों की झाड़ू (4)
10. मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
11. जो रिश्ते में पिता का पिता हो (2)
12. सहयोग, मदद, इमदाद (4)
14. एक भूमिगत तना जो औषधि और मसाले में प्रयक्त होता है (4)
16. भूलना, भुला देना (4)
17. कुल, सारा, समाप्त (3)
18. यह इंद्र का सारथि था कहते हे राम रावण के युद्ध में यही श्रीराम का सारथि था (3)
19. यह जंबू द्वीप के अरबखंड में स्थित एक देश जो 1971 में स्वतंत्र हुआ (4)
20. विश्व की एक मात्र फिल्म जो एक पात्रीय थी (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मना या वर्जित करने का भाव (3)
2. धन-संपत्ति, रूपया-पैसा (3)
3. तरंग, लहर-पेंग एक विलायती मदिरा (2)
4. सुखदेने वाला, सुखदाता (5)
5. टेक्स देने वाला, करदायक (4)
6. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
7. करी से काट-छांट करना (4)
12. सर्वोच्च स्थान (3)
13. पराजित होना, शिकस्त खाना (3)
14. घर-गृहस्थी का सामान आदि (4)
15. इस देश का पूर्व में सोमाली लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में जाना जाता था (2)
17. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो, वहीं (2)
18. प्रतिष्ठा, इज्जत, नापने की क्रिया (2)

## वर्ग पहेली 5079 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्र | मे | व | ज | य | ते | ■ | गु |
| मि | ल | न | ■ | म | ह | सू | ल |
| क | न | ■ | ग | ज | रा | ■ | फा |
| ■ | बै | रा | ग | ■ | न | सी | म |
| म | ठ | ■ | न | बी | ■ | प | ■ |
| ■ | ना | का | म | ■ | ■ | ■ | गा |
| क | ■ | म | णि | र | त्न | म | ■ |
| वि | य | ना | ■ | क्स | ■ | घा | ट |

# मालदा व मणिपुर की घटनाओं को लेकर सीटू तथा कृषक सभा का प्रदर्शन



**रानीगंज ।** वामपंथी श्रमिक संगठन सीटू तथा सारा भारत और कृषक सभा की तरफ से मंगलवार को रानीगंज रेलवे स्टेशन के पास एक विरोध सभा का आयोजन किया गया । इस विरोध सभा के जरिए इन दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मणिपुर और मालदा की घटनाओं का तीव्र विरोध किया । इस संबंध में सीटू के रानीगंज संयोजक दिव्येंदु मुखर्जी ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह की घटनाएं हो रही है। वह इंसानियत को शर्मसार करने वाली है । करीब 3 महीने से मणिपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खामोश हैं । ना तो संसद में और नहीं संसद से बाहर वह इस पर कोई बयान दे रहे हैं । उन्होंने कहा कि यह आरएसएस तथा भाजपा की सांठगांठ है कि पूरे देश में विभाजन की राजनीति कर लोगों को आपस में लड़ाया जाए । मणिपुर इसका ज्वलंत उदाहरण है वहां पर मेईती समुदाय के लोगों के साथ वहां के अन्य जनजातियों का विवाद खड़ा करके मेईती समुदाय के वोट को सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है । इसके लिए जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है । उसका प्रमाण आज हम सबके सामने हैं यह एक राजनीतिक साजिश है जो भाजपा कर रही है । ठीक उसी तरह बंगाल को भी जलने के लिए छोड़ दिया गया है । लेकिन यहां के मुख्यमंत्री भी कोई कार्यवाही नहीं कर रही है । मालदा में जिस तरह से दो आदिवासी महिलाओं को सिर्फ दो नींबू चुराने के आरोप में निर्वस्त्र कर उनके साथ मारपीट की गई । वह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है । इससे साबित होता है कि आज बंगाल की व्यवस्था कहां पहुंच गई है कि सिर्फ दो नींबू चुराने के आरोप में दो आदिवासी महिलाओं के साथ इस तरह का अमानवीय कृत्य किया गया । उन्होंने कहा कि सीटु और सारा भारत कृषक सभा की तरफ से वह मांग करते हैं कि मणिपुर के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें और मणिपुर हो या मालदा वहां पर इस तरह से जनजाति आदिवासी समुदाय के लोगों पर अत्याचार बंद हो । उन्होंने सभी को इस तरह की घटनाओं के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया । इस मौके पर सारा भारत खेत मजदूर सभा के मलयकांति मंडल, वरुण घोष, सीटु की दिव्येंदु मुखर्जी, हेमंत प्रभाकर, अशोक घोष तथा सीटु के राज्य कमिटि सदस्य सुप्रीय राय सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मणिपुर और मालदा की घटना को लेकर पथसभा



**कुल्टी ।** सोमवार की देर शाम को सीपीएम एरिया कमेटी द्वारा मणिपुर और मालदा की घटना को लेकर सोमवार की देर शाम को कुल्टी ओल्ड जीटी रोड के श्रीपुर मोड़ के समीप पथसभा का आयोजन किया गया। देवीदास नायक की अध्यक्षता में पथ सभा के दौरान सभी सदस्यों ने काला पट्टा लगाकर केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रर्दशन किया । इस अवसर पर सीपीएम से संबंधित सीटू के वरिष्ठ नेता सुजीत भट्टाचार्य ने पथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर की घटना ने दुनिया में पूरे देश को शर्मशार किया है और मालदा में हुई घटना भी शर्मसार करने वाली हैं। जिसकी जितनी निंदा की जाय कम है। उन्होंने कहा कि मणिपुर कई महीनों से जल रहा है । मणिपुर और मालदा दोनों जगहों पर महिलाओ का जिस तरह से अपमान हुआ है वह असहनीय है । उन्होंने कहा की जहां नारी को शक्ति के रूप मे दर्जा देकर पूजा जाता है । वही इस तरह की घटना अशोभनीय है । वही एरिया के पूर्व अध्यक्ष देवानंद प्रसाद ने कहा कि मणिपुर में दुष्कर्म की घटना एक साजिश का परिणाम है और पश्चिम बंगाल में भी लगातार घटना घट रही है। लेकिन राज्य की पुलिस मूकदर्शक बनी हुई हैं । इस अवसर पर मिलन चटोराज, अशोक साव, प्रणव विकास धारा, सुजित मुखर्जी, कार्यकारणी एरिया कमेटी के संपादक सुजित भट्टाचार्य, जिला कमेटी के सागर मुखर्जी, राज्य कमेटी के युवा नेता बिनोद सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बोरो चेयरमैन और सहायक अभियंता ने रानीगंज बाजार का किया निरीक्षण

**रानीगंज ।** रानीगंज बोरो के चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा तथा असिस्टेंट इंजीनियर कौशिक सेन गुप्ता मंगलवार को अपनी टीम के साथ रानीगंज बाजार के दौरे पर निकले । इस दौरान उन्होंने रानीगंज बाजार के व्यापारियों से बात की और उनको उनकी दुकानों के सामने नालों पर लगाने वाले स्लैब के बारे में बताया । इस संबंध में सहायक अभियंता कौशिक सेन गुप्ता ने बताया कि रानीगंज बाजार के कई दुकानदार अपनी दुकान के सामने की नालियों पर स्थाई स्लैब लगवा देते हैं । जिससे आसनसोल नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को इन नालियों की साफ-सफाई करने में असुविधा होती है । उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है । ऐसे में अगर नालियों की सफाई नहीं हुई तो आने वाले समय में यहां के लोगों को ही परेशानी होगी । इसे लेकर आज रानीगंज बाजार के व्यापारियों को जागरूक किया गया। ताकि वह ऐसे स्लैब लगाएं जो आसानी से हटाए जा सके और नालियों की सफाई की जा सके । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रानीगंज बोरो के अधिकारी हर मोहल्ले में जा रहे हैं और विशेषकर डेंगू के खतरे से कैसे बचा जाए, इसके बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं ।

## मलय ने तोड़ा वादा, लगातार 12वीं बार ईडी के समन को किया दरकिनार



**कोलकाता-आसनसोल।** राज्य के चर्चित कोयला तस्करी मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को लगातार 12वीं बार राज्य के कानून मंत्री मलय घटक ने दरकिनार किया है। उन्हें आज केंद्रीय एजेंसी के नोटिस के मुताबिक दिल्ली के सीजीओ कंपलेक्स स्थित ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए हाजिर होना था लेकिन वह नहीं गए। इसके पहले जब उन्हें नोटिस मिला था तो मलय घटक ने कहा था कि फिलहाल चुनाव चल रहा है वह प्रचार में व्यस्त हैं। चुनाव जीतने के बाद जब भी ईडी बुलाएगी जाऊंगा। पंचायत चुनाव के समापन के साथ ही ईडी ने नोटिस भेजकर उन्हें आज मंगलवार को सीजीओ कंपलेक्स स्थित दफ्तर में हाजिर होने को कहा था लेकिन वह नहीं गए।पता चला है कि ईमेल के जरिए उन्होंने हाजिर होने में असमर्थता जाहिर की है। इधर ईडी सूत्रों ने बताया है कि उच्च न्यायालय ने मलय घटक को इस मामले में हर तरह से जांच में सहयोग का आदेश दिया है बावजूद इसके बार-बार नोटिस के बावजूद वह नहीं आ रहे हैं। यह सीधे न्यायालय की अवमानना है। निश्चित तौर पर उनके खिलाफ कानूनी कदम उठाया जाएगा।

## स्वास्थ्य केन्द्र का नारियल फोड़कर शिलान्यास

**जामुड़िया ।** जामुड़िया बोरो एक अन्तर्गत वार्ड संख्या दो की पार्षद श्रावणी मंडल ने नारियल फोड़कर नगर स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास बाबा दयाटेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास किया । इस मौके पर पार्षद श्रावणी मंडल ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड संख्या दो को एक मॉडल वार्ड के रूप में परिणत करने का है । इसके लिए वह भरपूर प्रयास करेंगी । उन्होंने कहा कि माकपा शासनकाल में वार्ड संख्या दो में कोई भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं था ओर न ही रास्ता न ही पानी की व्यवस्था थी । आज वार्ड संख्या दो में काफी विकास के कार्य किए गए हैं । कैथी ग्राम जाने का रास्ता का पक्कीकरण किया गया है । पुनिआटी रेलवे क्रॉसिंग से शिरीषडांगा तक ढलाई रास्ता बनाया गया है । धुँआडांगा सहित शिवपुर ग्राम में रास्ता एवं ड्रेन का निर्माण कार्य किया गया है ।

## डोजरिंग कर अवैध खदानों की भराई



**जामुड़िया ।** कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सातग्राम एरिया प्रबंधन की ओर से समय समय पर कार्रवाई की जाती है । ईसीएल की संपत्ति के संरक्षण की दिशा में सातग्राम एरिया के महाप्रबंधक उपेंद्र सिंह के निर्देश पर मीठापुर कोलियरी के सुरक्षा गार्ड प्रभारी सब इंस्पेक्टर चंद्रकेश हरिजन एवं सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने मिठापुर कोलियरी इलाके के बलानपुर के जंगलों में अभियान चलाकर अवैध खदानों की डोजरिंग किया । इस दौरान जामुड़िया थाना पुलिस भी दलबल के साथ मौजूद थी । इस दौरान कई अवैध खदानों को भरा गया। इस विषय पर चंद्रकेश हरिजन ने बताया कि मीठापुर कोलियरी के अंतर्गत बलानपुर इलाके में दो तीन अवैध कोयला खदान चलने की जानकारी हुई। जिसके बाद हमलोगों ने कल इस इलाके का निरीक्षण किया तो पाया कि यहां पर अवैध कोयला खदान चल रहे हैं। जिसके बाद आज हमलोगों ने डोजरिंग कर इन अवैध कोयला खदानों को बंद कर दिया। अवैध कोयला खदान रात में चलते हैं। इसलिए दोषी पकड़ में नहीं आ रहे हैं। हमलोग सीआईएसएफ एवं पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करते रहेंगे साथ ही इस इलाके में अवैध कोयला खदानों को बंद कर देंगे । ताकि इन कार्यों पर अंकुश लगाया जा सके ।

## लोहा गोदाम पर कार्रवाई करते हुए पूर्व तृणमूल नेता ने लगाया ताला

**कुल्टी ।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कुल्टी थाना के चौरंगी फाड़ी अंतर्गत चौरंगी मोड़ के समीप एक लोहे के गोदाम में पूर्व तृणमूल नेता विश्व चटर्जी द्वारा ताला लगा दिया गया । इस संबंध में बताया जाता है कि चौरंगी मोड़ के समीप एक बड़े से गोदाम में अवैध लोहा का धंधा चलाया जा रहा है। इस गोदाम में एंगल, स्पोंज, मैग्नीज, लोहा के स्क्रैप जैसे कई लोहा से संबधित सामन रखा जाता हैं । जिसमें सोमवार की रात्रि पूर्व तृणमूल युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विश्वजीत चटर्जी द्वारा अपने समर्थकों के साथ गोदाम में पहुंचकर वीडियो बनाते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया गया । इस दौरान श्री चटर्जी ने कहा कि क्षेत्र में काफी दिनों से कुल्टी का महेश नामक व्यक्ति द्वारा लोहा के अवैध गोदाम का संचालन किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा स्थानीय पुलिस को कई बार इसकी सूचना दी गई साथ ही पुलिस को यह भी जानकारी दी गई कि विभिन्न लोहे के कारखाने से जो गाड़ियां निकलती है, या माल ले कर करखाने में प्रवेश करती है उन सब गाड़ियों में लदा लोहा संबंधित मालों का कटिंग कर यहां जमा किया जाता है । आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध रुप से निकले लोहा को जमा कर ट्रकों के माध्यम से कारखानों और मंडियों में खपाया जाता है । जिसके बाद स्थानीय लोगों के साथ गोदाम का वीडियो बनाते हुए हम लोगों ने ताला लगाया । वहीं उन्होंने उच्च अधिकारियों से मांग की ऐसे अवैध धंधों का संचालन का संज्ञान लेते हुए उन्हें बंद किया जाए । मालूम हो कि बराकर बलतोड़िया कलाली के निकट भी एक लोहे का गोदाम है । जिसका संचालन पिछले काफी समय से हो रहा है । जहां राह चलते देखा जा सकता है कि भारी मात्रा में लोहा तथा स्क्रैप गोदाम से बाहर सड़क के किनारे ही रखा रहता है ।

## जौंडिस पाड़ा इलाके के लोग नगर निगम की मूलभूत सुविधाओं से हैं वंचित



**रानीगंज ।** आसनसोल नगर निगम के 90 नंबर वार्ड अंतर्गत रानीगंज के कुमार बाजार के जौंडिस पाड़ा इलाके के लोग मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित होने का आरोप लगा रहे हैं । इस संबंध में लोगो का कहना है कि उनके वार्ड में ना तो नियमित साफ-सफाई होती है ना पानी की सुविधा है । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर निकासी की व्यवस्था भी इतनी खराब है कि थोड़ी सी बारिश में भी नाले का पानी सड़कों पर और घरों में घूस जाता है । इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां पर साफ-सफाई हुए बरसों हो गए हैं। लेकिन आसनसोल नगर निगम की तरफ से यहां पर साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है । जिस वजह से यहां पर डेंगू सहित अन्य बीमारियां तेजी से फैलती है और उनके बच्चे इन बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं । इसके साथ यहां पर पानी की भी किल्लत है। इनका कहना है कि यहां पर एक डेढ़ घंटे ही पानी आता है । जिस वजह से यहां पर रह रहे करीब 50 परिवारों को पानी के लिए तरसना पड़ता है और किसी भी परिवार को रोज पानी नहीं मिलता दूर के एक स्थान से पानी लाना पड़ता है । वहां के लोग भी यहां के निवासियों को खरी-खोटी सुनाते हैं । लेकिन पानी लाने के लिए उनकी सारी बातें हजम करनी पड़ती है । उन्होंने कहा कि कई बार स्थानीय निवासी यहां के पार्षद शक्ति रुईदास से गुहार लगा चुके हैं । लेकिन कोई नतीजा नहीं हुआ इनका कहना है कि वह सिर्फ आश्वासन देते हैं । पहले जब बोरो चेयरमैन नहीं थे तब कहा करते थे की बोरो चेयरमैन बनने के बाद स्थिति सुधर जाएगी । लेकिन अब वह भी हो गया है लेकिन उसके बावजूद भी यहां पर कोई काम नहीं हो रहा है । लोगों को गंदगी में रहना पड़ रहा है जिस वजह से यहां बीमारियां पनप रहे हैं । बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी उनकी कोई सुन नहीं रहा है । इनकी सिर्फ एक ही मांग है कि यहां पर साफ सफाई हो निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और पानी की किल्लत को दूर किया जाए। उन्होंने यहां पर एक स्थाई नल लगाने की मांग की जिससे कि उनके पानी की समस्या का स्थाई समाधान निकल सके । इस संबंध में पार्षद शक्ति रुईदास से संपर्क किया तो उनका कहना था कि ऐसा नहीं है कि वहां पर स्थाई नल नहीं है । हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि पानी की थोड़ी बहुत किल्लत है और उसको भी दूर करने की कोशिश की जा रही है । लेकिन उन्होंने इस बात से इनकार किया कि वहां पर पानी की इतनी ज्यादा किल्लत है कि लोगों को दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि वहां पर रोज पानी की आपूर्ति होती है वही निकासी व्यवस्था के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वहां पर नियमित नालों की सफाई होती है । ताकि किसी प्रकार की बीमारी ना फैले और लोगों को परेशानी ना हो इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्मल साथी परियोजना के तहत कर्मी इन चीजों पर कड़ी नजर रखते हैं कि कहीं भी गंदगी ना हो वही एक इलाके में गंदे पानी जमा होने और उस गंदे पानी में मच्छरों के पनपने की आशंका को लेकर उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कहीं पर है तो जरूर उसके साफ सफाई की जाएगी । क्योंकि लोगों को स्वस्थ रखना उन की सबसे पहली प्राथमिकता है ।

## वार्षिक समारोह में हुआ डीएवी के छात्रों का सम्मान



**रानीगंज ।** डीएवी स्कूल रानीगंज की ओर से छात्रों का वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्‌घाटन लाइंस जिला गवर्नर डॉ. एस के बासु ने किया । स्कूल के प्रिंसिपल मंदिरा दे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पुरस्कार व सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अड्डा के चेयरमैन एवं रानीगंज के विधायक तपस बनर्जी ने कहा कि संपूर्ण छात्रों का विकास स्कूल से संभव नहीं है । इसके लिए अभिभावकों का भी अहम भूमिका होती है। बच्चों को संस्कारी बनाना भी अभिभावकों का भूमिका है। हमारे जीवन का प्रभाव बच्चों पर पड़ना तय है । इसलिए हमें भी छात्रों के साथ साथ अपने अंदर झांक कर देखनी होगी। उन्होंने कई उदाहरण के माध्यम से कहा की कोई भी व्यक्ति के विकास में केवल व्यक्ति का भूमिका नहीं होती बल्कि पूरे जगत का होता है। इसलिए आज के इन छात्रों को भविष्य में समर्पण के लिए भी तैयार करनी होगी। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा केवल अच्छे शहर एवं स्कूल से नहीं, बल्कि कही से भी प्राप्त की जा सकती है। आज पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जीवन गाथा को देखें तो हम पाते हैं कि एक गांव से निकलकर देश के सर्वोच्च पद पर जाकर वे राष्ट्रपति बने थे। वही अन्य लोगों ने भी अपना विचार प्रगट किया । इस अवसर पर पूर्व जिला पाल डॉक्टर अब्दुल कयूम, चेयरमैन स्कूल कमिट सुशील गनेड़ीवाला, पूर्व अध्यक्ष राजेश जिंदल, लायंस अध्यक्ष रानीगंज दिलीप सिंह प्रमुख उपस्थित थे।

## आसनसोल में व्यवसायियों को गिरफ्तार करने का रेलवे पुलिस पर लगा आरोप

**आसनसोल।** आसनसोल में व्यवसायियों को गिरफ्तार करने का आरोप रेलवे पुलिस पर लगाया गया है। मालूम हो कि लंबे समय से आसनसोल रेलवे स्टेशन से सटे इलाके में कई खाने-पीने की दुकानों के साथ-साथ कुछ अन्य दुकानें भी हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा स्थानीय व्यवसायियों को बार-बार उस क्षेत्र में दुकानें हटाने की सूचना दी गयी है, लेकिन उसके बाद भी दुकानदारों ने रेलवे प्रशासन की सूचना पर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन रेलवे प्रशासन और आरपीएफ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को फिर से क्षेत्र का दौरा किया। इसके बाद इलाके के व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि आरपीएफ ने मौके से करीब छह व्यवसायियों को गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस बेदखली के संबंध में स्थानीय दुकानदारों की शिकायत है कि वे काफी समय से उस इलाके में कारोबार कर रहे हैं और उसी से उनका भरण-पोषण चल रहा है। ऐसे में अब अगर रेलवे उन्हें हटा देगा तो वे कहां जाएंगे। इसके अलावा आसनसोल रेलवे स्टेशन से सटे इलाके के स्थानीय व्यवसायियों ने गिरफ्तार रेलकर्मियों की रिहाई की मांग की।

## बिजली विभाग के कर्मियों ने वृद्धाश्रम में बाराबनी विधायक के नाम का किया अपमान



**सालानपुर ।** पश्चिम बर्दवान जिले के बाराबनी विधानसभा सालानपुर ब्लॉक के रूपनारायणपुर क्षेत्र में विधायक विधान उपाध्याय की देखरेख में हिंदुस्तान केबल्स पुर्नवासन समिति द्वारा लंबे समय से निःशुल्क वृद्धाश्रम चलाया जा रहा है । जहां वर्तमान समय में 26 निवासी हैं। उस वृद्धाश्रम में रूटिंग चेक-अप के नाम पर रूपनारायणपुर पावर स्टेशन के अधिकारी बिप्लब मंडल, अर्नब मंडल और प्रभात साव ने दोपहर में वहां रहने वालों पर अत्याचार किया । साथ ही आरोप है कि निवासियों को धमकाया गया । हालांकि स्थानीय लोगों ने स्थानीय विधायक विधान उपाध्याय को वृद्धाश्रम का संरक्षक बताया । उसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने निवासियों पर यह आरोप लगाने की कोशिश किया कि वृद्धाश्रम पैसे के लिए चलाया जा रहा है । वहीं विधायक के नाम पर भी खूब तंज कसे गए। तृणमूल के 21 जुलाई के कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ता और समर्थक इलाके में लौटे और पूरी घटना की जानकारी ली । इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी घटना एक पूर्व नियोजित साजिश थी । वृद्धाश्रम प्रबंधन समिति के सदस्य सुभाष महाजन ने कहा कि वे 21 जुलाई को क्षेत्र में नहीं थे । स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों ने उस अवसर का उपयोग निवासियों को परेशान करने के लिए किया है । इसलिए वे पहले ही डीई, डीएम और आरएम कार्यालय में शिकायत पत्र भेजकर उन्हें तत्काल हटाने की मांग कर चुके हैं । उन्होंने मीडिया को बताया कि इसके अलावा मामले की सूचना स्थानीय बीडीओ और विधायक विधान उपाध्याय को भी दे दी गई है और लिखित शिकायत के आधार पर घटना की जानकारी सालानपुर बीडीओ कार्यालय को दे दी गई है ।

## बैद्यनाथ धाम के लिए बराकर से टोली रवाना

**बराकर ।** बराकर शहर के वार्ड नंबर 68 हॉटतल्ला व शांतिनगर से मंगलवार की शाम को बराकर कांवड़िया संघ के द्वारा श्रद्धालुओ का एक जत्था भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ । इस दौरान बराकर कांवड़िया संघ के सदस्यों ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं का जत्था सर्वप्रथम बराकर से सुल्तानगंज के लिए रवाना हो रहा है । सुल्तानगंज पहुंच कर उत्तर वाहिनीं गंगा के पवित्र निर्मल कल कल धारा मे स्नानादि से निवृत होकर पंडा की उपस्थिति मे संकल्प आदि करके पात्र मे जल भर कर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण करेंगे । बाबा बैद्यनाथ से सबके सुख, समृद्धि, तथा मंगल कामना करेंगे । इस जत्थे में कांवड़िया संघ के संजय रवानी, शशि शर्मा, राजेंद्र रजक, बिल्लू शर्मा, सुनिता मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## रानीगंज के विधायक-पार्षद व चेयरमैन में जुबानी जंग तेज







**आसनसोल ।** आसनसोल नगर निगम के 78 नंबर वार्ड के पार्षद अशोक रुद्रा और रानीगंज के विधायक तथा ए डीडीए चेयरमैन तापस बनर्जी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है । मंगलवार को अशोक रुद्रा ने अपने बर्नपुर टाउन कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया । इस दौरान उन्होंने तापस बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तापस बनर्जी बर्नपुर में कार्यक्रम करवाते हैं । लेकिन अशोक रुद्रा जो कि वहां के पार्षद हैं उनको उन कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं करते इतना ही नहीं अशोक रूद्र ने यह आरोप भी लगाया कि अन्य किसी संगठन द्वारा जब कोई कार्यक्रम किया जाता है । जिसमें तापस बनर्जी को आमंत्रित किया जाए तो वह उस संगठन को मना कर देते हैं कि अशोक रुद्रा को आमंत्रित न किया जाए। श्री रुद्रा ने कहा कि ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है । लेकिन क्योंकि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता है और एक बुजुर्ग व्यक्ति हैं । उन्होंने इन चीजों को नजर अंदाज किया । लेकिन अब यह बार-बार हो रहा है और अब पानी सिर के पार चला गया है । इसलिए आज वह संवाददाता सम्मेलन कर रहे हैं । ताकि वह यह बता सके कि अगर भविष्य में तापस बनर्जी ने ऐसा कुछ किया तो इसका समुचित जवाब दिया जाएगा । क्योंकि बर्नपुर के टीएमसी कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी तापस बनर्जी के इस रवैया से बेहद नाखुश हैं । इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि बर्नपुर उत्सव के नाम पर जो कमेटी बनाई गई है । उस कमेटी में इस इलाके के लोगों की नुमाइंदगी बिल्कुल नहीं है । कुछ ऐसे लोगों को रखा गया है जो हमेशा तापस बनर्जी की तारीफ करते रहते हो और उनके चाटुकारिता में लगे रहते हो । उन्होंने कहा कि इस मामले की जानकारी उन्होंने पश्चिम बर्दवान जिला तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती तथा मेयर विधान उपाध्याय को दी है । उन्होंने कहा है कि वह इस बारे में तापस बनर्जी से बात करेंगे । हालांकि जब हमने इस बारे में तापस बनर्जी से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की तो उन्होंने इस विषय पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया और कहा कि अशोक रुद्रा की यह बात बिल्कुल बचकानी है । इस पर प्रतिक्रिया देना वह जरूरी नहीं समझते । उन्होंने कहा कि वह एक लंबे समय से राजनीतिक जीवन में है और उनकी सोच इतनी छोटी नहीं है । वही बीजेपी नेता बप्पा चटर्जी ने आज टीएमसी पार्षद अशोक रुद्र द्वारा टीएमसी विधायक तापस बैनर्जी पर लगाए गए आरोपों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले तो टीएमसी भाजपा को बंगाल में बाहर से आई पार्टी कहती थी पर अब देखा जा रहा है कि टीएमसी के पार्षद अपने ही दल के विधायक को ही बाहरी कह रहे हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा हमेशा यह कहती रही है कि टीएमसी में गुटबाजी बहुत ज्यादा है। इस दल में उसी की पूछ है जिसके पास ताकत है। उन्होंने कहा कि जो आरोप टीएमसी के पार्षद ने लगाया है वह कितना संगीन है कि विधायक अपने ही दल के कुछ पार्षदों को कार्यक्रम में बुला रहे तो कुछ को नहीं बुला रहे है । यही इस बात का सबूत है कि टीएमसी में कितनी ज्यादा गुटबाजी है । भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा पहले से कहती आई है कि टीएमसी कोई राजनीतिक पार्टी नही है यह बुआ भतीजा सिंडिकेट है। दोनो व्यक्तियों के गुटों के बीच पार्टी में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है । जिसका उदाहरण 21जुलाई की सभा से ही देखने को मिला । जहां भतीजे कुछ कहते हैं तो बुआ कुछ कहती हैं । बप्पा चटर्जी ने कहा कि आसनसोल में टीएमसी की गुटबाजी नई नही है। पहले मलय घटक तापस बैनर्जी खेमे की रस्साकसी होती थी । अब नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती, गुट शिवदासन दासू गुट की बात कही जा रही है । उन्होंने कहा कि आज यह बात फिर से प्रमाणित हो गई कि यह टीएमसी का कोई आदर्श नहीं है । यह सिर्फ लूट खसोट करना जानते हैं और इस पार्टी में एक ही नीति है जिसकी लाठी उसकी भैंस ।

B-4_p-6.qxd 7/25/2023 6:38 PM Page 1



## संपादकीय

# आग फैलने न दें

मणिपुर में जातीय हिंसा की आग अब दूसरे राज्यों तक पहुंच रही है। पड़ोंसी राज्य मिजोरम में भी तनाव बढ़ने लगा है। शनिवार को एक उग्रवादी ग्रुप ने फरमान जारी किया कि मिजोरम में रह रहे मैतई समुदाय के लोग राज्य छोड़ दें। इसके बाद पूरे राज्य में डर का माहौल पैदा हो गया। मणिपुर में पिछले करीब तीन महीने से जारी दंगों पर रोक लगना तो दूर, अब पड़ोसी राज्य मिजोरम में भी इसका असर दिखने लगा है। मणिपुर में दो महिलाओं को वस्त्रहीन करके उनकी परेड कराए जाने से जुड़ा एक विडियो वायरल होने के बाद मिजोरम में भी तनाव बढ़ने की खबर है। इसी संदर्भ में शनिवार को पूर्व उग्रवादियों के एक ग्रुप क्रस्क्र ने मिजोरम में रह रहे मणिपुर के मैतेई समुदाय के लोगों से कहा कि वे जल्द से जल्द मिजोरम छोड़ दें। उसके बाद इन लोगों में घबराहट फैल गई और कई लोग विमान से या सड़क मार्ग से वहां से निकलने लगे। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बेहद खतरनाक है। इसमें दो राय नहीं कि मणिपुर में जो कुछ हुआ और हो रहा है, उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। वहां हालात काबू करने की कोशिशें की जा रही हैं। हालांकि उन कोशिशों को किस तरह आगे बढ़ाया जाए और किन उपायों से उन्हें कारगर बनाया जाए इस पर अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह कि संसद में उस पर कोई चर्चा तक नहीं हो पा रही। केंद्र और विपक्ष को अविलंब पहलकदमी लेकर इस गतिरोध को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है ताकि मणिपुर की घटनाओं पर राजनीतिक आम सहमति बनती दिखे और वहां हालात संभालने के प्रयासों को और तेज किया जा सके। लेकिन इस बीच यह सावधानी भी बरतना जरूरी है कि मणिपुर की आग अन्य क्षेत्रों में न फैल जाए। यह अच्छी बात है कि मिजोरम से अभी तक हिंसा की कोई सूचना नहीं है। पामरा की कथित धमकी को भी राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने तत्काल संज्ञान में लिया और पामरा ने भी यह स्पष्ट किया कि उनकी तरफ से दिया गया बयान अडवाइजरी नेचर का था। लेकिन किसी भी जिम्मेदार संगठन से इस तरह की सलाह की भी उम्मीद नहीं की जाती। अगर देश के किसी हिस्से में कुछ अप्रिय घटा है तो उससे दुख या तकलीफ होना स्वाभाविक है, लेकिन जो व्यक्ति उन अप्रिय घटनाओं के लिए दोषी हों, गुस्सा भी सिर्फ उन लोगों के खिलाफ होना चाहिए, सजा की मांग भी उन्हीं के लिए की जानी चाहिए। अगर किसी एक पूरे समूह को उसके लिए दोषी माना या बताया जाने लगे तो यह भी सांप्रदायिक, जातिवादी या नस्लवादी सोच का ही नमूना है। अगर मणिपुर की घटनाओं से मिजोरम में तनाव दिख रहा है तो जिम्मेदार संगठनों को माहौल ठीक करने की कोशिश में जुटना चाहिए जिसका उपाय यह है कि मणिपुर के लोगों को आश्वस्त किया जाए कि आप न घबराएं, हम आपके साथ हैं। यह नहीं कि उन्हें इलाका छोड़ देने की सलाह दी जाए। जरूरी है कि राज्य सरकार ऐसे माहौल में गड़बड़ी फैलाने वाले तत्वों से विशेष तौर पर सावधान रहे।

# अर्थव्यवस्था के सामने बेरोजगारी की चुनौती

**(सरोज कुमार)**

भारत में रोजगार मुहैया कराने के लिहाज से कृषि क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है। कृषि अर्थव्यवस्था का इकलौता क्षेत्र है, जो घाटे के बावजूद बंद नहीं होता। यहां श्रमशक्ति का लगभग 45-50 फीसद हिस्सा रोजगार पाता है। कृषि क्षेत्र में ज्यादातर रोजगार मौसमी होते हैं। फिर भी इस क्षेत्र को अधिक प्रोत्साहन और समर्थन दिया जाए तो भारत की बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है।

कोई अवस्था लंबी अवधि तक बनी रहे तो उसके प्रति सहज भावना पैदा होने लगती है। यह सहजता धीरे-धीरे स्थायी हो जाती है। एक सीमा के बाद दर्द का अहसास न होना इसी प्रक्रिया का परिणाम है। बेरोजगारी के साथ भी कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है। अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी का स्थायी भाव अच्छा संकेत नहीं है।

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान मासिक औसत बेरोजगारी दर 7.6 फीसद के उच्चस्तर पर बनी रही। लेकिन कहीं से कोई खास विमर्श का स्वर सुनाई नहीं पड़ा। ऐसा लगता है कि शायद बेरोजगारी का अहसास जाता रहा! यह मानव मन में बेरोजगारी के सहज हो जाने का संकेत है। बेरोजगारी का स्थायी भाव अस्थिरता है। यानी बेरोजगारी जितनी स्थायी होगी, अस्थिरता उतनी ही बढ़ती जाएगी।




अस्थिरता क्या कुछ करती है, बताने की जरूरत नहीं। मनोभावों के बदलने से आंकड़े नहीं बदलते। अलबत्ता आंकड़े मनोभावों को बदल देते हैं। बेरोजगारी का सवाल आंकड़ों से आगे का है और मानव मन आज इसी सवाल में उलझ कर रह गया है। बेरोजगारी के आंकड़े इतने भारी हो गए हैं कि अब इन्हें न तो मानव मन ढो पाने की स्थिति में है, और न अर्थव्यवस्था ही। 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक की औसत मासिक वृद्धि दर 2.68 फीसद रही। इस धीमी वृद्धि दर का परिणाम है कि उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक महामारी से पूर्व के स्तर पर आज तक नहीं पहुंच पाया। मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक भी उस स्तर पर पहुंचने की संभावना कम है। महामारी से ठीक पहले फरवरी 2020 में उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक 105.3 पर था, जो मार्च 2023 में 89.18 पर दर्ज किया गया। मानसून पर संभावित अल नीनो प्रभाव और निजी निवेश में अनवरत सुस्ती के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष में भी उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक का संभवतः यही हाल रहने वाला है। उपभोक्ता मनोभाव का ऊपर उठना आमदनी पर निर्भर करता है और ऊंची बेरोजगारी दर इसकी संभावना को धूमिल कर देती है। जाहिर है, इसका असर अर्थव्यवस्था पर होगा और अर्थव्यवस्था का असर मानव जीवन पर, सामाजिक ताने-बाने पर। बीते वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर घटकर 4.4 फीसद रह गई और चौथी तिमाही में इसके और नीचे जाने की आशंका है। वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बीच मौजूदा वित्त वर्ष का परिदृश्य भी सुखद नहीं है। वैश्विक वित्तीय एजंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान घटा दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने 6.1 फीसद के अपने अनुमान को घटाकर 5.90 फीसद कर दिया।

# बिगड़ता पर्यावरण और हमारी जिम्मेदारी

**पर्यावरण प्रदूषण ने मानव सभ्यता की तमाम गतिविधियों और विकास पर जो असर पिछले तीन दशकों में डाला है, उसका असर कितने दशकों तक बना रहेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, यह ऐसा धीमा जहर है जिसका प्रभाव हमारी सेहत सहित तमाम दूसरी गतिविधियों पर पड़ता रहता है। कोरोना के पहले पर्यावरण प्रदूषण कई समस्याओं, संकटों, बीमारियों, विकास में रुकावट, आर्थिक प्रगति में रुकावट और संपूर्ण वायुमंडल को जहरीला बनाने का कारण समझा जाता था। इसका मतलब यह नहीं कि पर्यावरण प्रदूषण के कारण पड़ने वाले असर, इससे बढ़ रहीं समस्याएं, संकट, बीमारियां, ऋतु चक्र में बदलाव जैसे अनगिनत समस्याओं को प्राथमिकता की सूची से निकाल दिया जाए।**

**(अखिलेश आर्येंदु)**

पर्यावरण प्रदूषण ने मानव सभ्यता की तमाम गतिविधियों और विकास पर जो असर पिछले तीन दशकों में डाला है, उसका असर कई दशकों तक बना रहेगा। जब से प्रदूषण से होने वाली समस्याएं बढ़ी हैं, केंद्र और राज्य सरकारों ने अपने स्तर से इससे छुटकारा पाने के लिए कदम उठाए हैं। सवाल उठता है कि क्या केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण से निजात पाने के लिए आबंटित धन और योजनाओं से पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है?

पर्यावरण प्रदूषण ने मानव सभ्यता की तमाम गतिविधियों और विकास पर जो असर पिछले तीन दशकों में डाला है, उसका असर कितने दशकों तक बना रहेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, यह ऐसा धीमा जहर है जिसका प्रभाव हमारी सेहत सहित तमाम दूसरी गतिविधियों पर पड़ता रहता है। कोरोना के पहले पर्यावरण प्रदूषण कई समस्याओं, संकटों, बीमारियों, विकास में रुकावट, आर्थिक प्रगति में रुकावट और संपूर्ण वायुमंडल को जहरीला बनाने का कारण समझा जाता था। इसका मतलब यह नहीं कि पर्यावरण प्रदूषण के कारण पड़ने वाले असर, इससे बढ़ रहीं समस्याएं, संकट, बीमारियां, ऋतु चक्र में बदलाव जैसे अनगिनत समस्याओं को प्राथमिकता की सूची से निकाल दिया जाए।

वर्ष 2015 में हुए पेरिस जलवायु समझौते में निर्धारित संकल्पों के अनुरूप भारत पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। जी 20 देशों में भारत अकेला देश है जो समझौते का अनुपालन कर रहा है। इसके तहत वन क्षत्रों को बचाना और बढ़ाना शामिल है। लेकिन बात इतनी ही नहीं है। वायु प्रदूषण के अलावा जल, ध्वनि, मिट्टी, अग्नि और अति प्रकाश प्रदूषण जैसी समस्याएं भी हैं, जिनके दुष्प्रभावों के असर से कई स्तरों पर समस्याएं पैदा हुई हैं।

पिछले छह महीनों से पर्यावरण प्रदूषण तीव्र गति से बढ़ा है। ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक विश्व में प्रदूषण के मामले में जिन तीस शहरों को शामिल किया गया, उनमें दिल्ली दूसरा सबसे प्रदूषित शहर है। इसके अलावा भारत के बाईस दूसरे शहर भी सर्वाधिक दुनिया के प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। गौरतलब है कि पर्यावरण बेहतरी के संकल्पों को अमल में लाने के बावजूद प्रदूषण की समस्या में कोई खास तब्दीली नहीं आई है। इसके बावजूद हम पर्यावरण को बेहतर रखने के प्रति संवेदनशील नहीं हैं।

वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन, बढ़ती बीमारियों, ग्लोबल वार्मिंग, सुनामी और धरती के बढ़ते तापमान की बड़ी वजह बढ़ते वायु प्रदूषण को माना है। धरती का बढ़ता तापमान और ऋतु चक्र में आए बदलाव की सबसे बड़ी वजह विषैली कार्बन ऊर्जा है। हमारे देश में 2005 की तुलना में कार्बन उत्सर्जन में इक्कीस प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन यह बहुत कम है। दिल्ली, गुरुग्राम, आगरा, गाजियाबाद, कानपुर और दूसरे शहरों में हवा अति खराब श्रेणी में लगातार बने रहने का मतलब है पर्यावरण की बेहतरी के लिए और अधिक कारगर कदम उठाने की जरूरत है।

पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक देश में 2040 तक स्वच्छ ऊर्जा की मांग आज की तुलना में तीन गुना बढ़ जाएगी। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि देश के कई राज्य जहां यूरिया, अमोनिया, जिंक सल्फेट और कीटनाशक बनाने के कारखाने हैं, जिनकी चिमनियों से तरह-तरह की जहरीली गैसें निकलतीं हैं, इनसे बुरी तरह से पर्यावरण खराब होता है। फूलपुर और आंवला



में यूरिया बनाने के बहुत बड़े कारखाने हैं।

इन कारखानों से निकले जहरीले पानी और गैस की वजह से तमाम समस्याओं से लोगों को रूबरू होना पड़ रहा है। बिहार में बहने वाली कई नदियों और कोलकाता में हुगली नदी डेढ़ सौ से ज्यादा चर्म, कपड़ा, कागज, पटसन, शराब और दूसरे आधुनिक उद्योगों के उच्छिष्टों की वजह से इतनी अधिक प्रदूषित हो गई है कि इसे हाथ से छूना बीमारी को बुलाने जैसा लगता है।

इसी तरह भारत-नेपाल को बांटने वाली सरीसवा नदी नेपाल के उद्योगों से निकले उच्छिष्टों के कारण बहुत अधिक प्रदूषित हो गई है। गौरतलब है कि सरीसावा नदी सदियों से सौ से अधिक गांवों के लिए जीवन यापन का साधन बनी हुई थी। लेकिन चर्मशोधक कारखानों, शराब फैक्ट्रियों और चीनी मिलों से निकले जहरीले पानी और उच्छिष्टों की वजह से अब यह मौत का कारण बन गई है।

पिछले पच्चीस सालों में दस हजार से ज्यादा जानवर इसके विषैले पानी के सेवन के कारण मौत का शिकार हुए हैं। यह जल प्रदूषण के कारण हुआ है। गंगा प्रदूषण निवारक समिति के मुताबिक 2033 किलोमीटर इस ऐतिहासिक नदी का 480 किलोमीटर हिस्सा उद्योगों के उच्छिष्टों और अवशिष्टों के लगातार मिलने की वजह से बुरी तरह प्रदूषित हो गया है। कृष्णा, कावेरी, गोदावरी, नर्मदा, ताप्ती, भीमा, साबरमती और यमुना भी उद्योगों से निकलने वाले उच्छिष्टों के कारण बुरी तरह प्रदूषित है। केरल की चलियार नदी रेयान कारखाने से निकले विषैले पानी के कारण इतनी प्रदूषित हो गई है कि इसका पानी किसी इस्तेमाल के काबिल नहीं रह गया है।

प्रदूषण की समस्याओं में हवा और जल प्रदूषण सबसे अधिक मनुष्य को प्रभावित कर रही हैं। अगर हवा में घुली विषैली गैसों की बात करें तो दिल्ली में बेंजीन कारसिनोजन की तादाद तीन से नौ गुना तक बढ़ चुकी है। यह बेंजीन का खतरनाक स्तर है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इससे दिल्ली में कैंसर के मामले दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं।

इसी तरह बिहार और झारखंड में विद्युत ताप घरों से निकलने वाली जहरीली गैसों और प्रदूषित वाटी के इस्तेमाल से हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। वहीं दिल्ली, हरियाणा और आंध्र प्रदेश में हर साल हजारों की तादाद में सांस की बीमारियों और कैंसर से हजारों लोग मौत के शिकार हो जाते हैं। मध्य प्रदेश और झारखंड में चूना भट्ठों से निकलने वाली गैसों से सांस से संबंधित तमाम बीमारियां होने से हजारों लोग मौत के पंजे में फंस जाते हैं।

मुंबई, लुधियाना, सूरत, कोलकता और मुल्क की दूसरी तमाम कपड़ा मिलों के मजदूरों में आंख और श्वास संबंधी तमाम बीमारियां आम बात है। मध्य प्रदेश के सतना, बानमोर, कैमोर, गोपालनगर और जामुल में सीमेंट के बड़े-बड़े कारखाने हैं। कैमोर में देश का सबसे बड़ा सीमेंट का कारखाना है। इससे और दूसरे सीमेंट के कारखानों से चौबीसों घंटे धूल उड़ती रहती है। इनकी चिमनियों से धूल के विषैले कणों के अलावा कार्बन डाइआक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड और सल्फर डाइआक्साइड जैसी जहरीली गैसें निकलती हैं। इनकी वजह से दमा और टीबी के अलावा खून में होमोग्लोबिन की तादाद कम हो जाती है।

राजधानी दिल्ली में जितना प्रदूषण है, उसमें चौबीस फीसद फैक्ट्रियों के जरिए होता है। इसके अलावा राजधानी क्षेत्र फरीदाबाद, गुरुग्राम और नोएडा में सैकड़ों फैक्टरियों से जहरीली गैसें निकलतीं हैं। उनसे सौ किलोमीटर की परिधि में नाइट्रोजन, सल्फर डाइआक्साडड, कार्बन मोनो आक्साइड और दूसरी जहरीली गैसों की तादाद बढ़ जाने से आंख, नाक, दिमाग, फेफड़े ,गले, आंत और पाचन संबंधी बीमारियां आमतौर पर हो जाती हैं।

जब से प्रदूषण से होने वाली समस्याएं बढ़ी हैं, केंद्र और राज्य सरकारों ने अपने स्तर से इससे छुटकारा पाने के लिए कदम उठाएं हैं। सवाल उठता है कि क्या केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण से निजात पाने के लिए आबंटित धन और योजनाओं से पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है? जाहिर है, हवा और जल प्रदूषण से निजात पाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले कारकों के संबंध में आम लोगों को भी समझाने की जरूरत है।

जब तक आम आदमी पर्यावरण पर लापरवाह बना रहेगा और हवा, पानी, मिट्टी और वातावरण में तेज आवाज के जरिए ध्वनि प्रदूषण करता रहेगा, तब तक प्रदूषण संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। मात्र कानून बना देने से बात बनने वाली नहीं है। इसलिए वैज्ञानिक आम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की सलाह देते रहते हैं। पिछले तीस सालों में दिल्ली सहित भारत के छोटे-बड़े नगरों, शहरों और कस्बों में बढ़ती समस्याओं ने यह जाहिर कर दिया है कि अगर बेहतर जिंदगी जीना है तो प्रदूषण को कम करना होगा।

आवश्यकता इस बात की है कि हम पर्यावरण और अपने हित में प्रदूषण करने वाले कारकों को कम से कम उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें। यानी बढ़ती विकट पर्यावरण की समस्याओं को जीवन-मरण के प्रश्न जैसा अति गंभीरता से लेना होगा। तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और हम भी सुरक्षित रहेंगे।

# नीतीश ने विपक्षी दलों को इकट्ठा कर जो खिचड़ी पकाई है, कांग्रेस उसे अकेले खा जाने के मूड़ में है

**विपक्षी खेमों को साथ लाने की जितनी कोशिश नीतीश ने की है, उतनी मौजूदा दौर में किसी ने नहीं की है। इस जुटान में शामिल वामपंथी दलों को छोड़ दें, जिनकी वैचारिक बुनियाद की मजबूरी मोदी विरोध है, उन सब की मजबूरी इस गठबंधन में शामिल होना है। इसलिए सबने नीतीश कुमार के अभियान का साथ दिया। वैसे पटना में बैठक का विचार उस ममता ने दिया था, जो एनडीए में रहते वक्त नीतीश कुमार और उनकी तत्कालीन समता पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं। पटना में बैठक के सुझाव के पीछे ममता की मंशा थी कि विपक्षी खेमेबंदी का श्रेय और नेतृत्व कांग्रेस हासिल न कर ले। पहली बैठक के बाद लगने लगा था कि नीतीश और ममता की सोच के हिसाब से ही विपक्षी खेमेबंदी आगे बढ़ रही है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

इसमें दो राय नहीं है कि विपक्षी खेमे की इस जुटान और उसके जरिए मोदी और बीजेपी को घेरने की बुनियाद नीतीश कुमार ने रखी है। पिछले ग्यारह महीनों से वे लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। उनकी ही पहल पर पहली बैठक पटना में हुई।

बेंगलुरु में विपक्षी जुटान देख मोदी और बीजेपी विरोधी खेमे का उत्साह बढ़ना स्वाभाविक है। मोदी विरोधी राजनीति और मीडिया के हलके में उत्साह का यह प्याला लबालब छलक रहा है। लेकिन क्या इस जुटान ने सचमुच मोदी विरोधियों को उत्साहित होने का मौका दे दिया है? क्या बेंगलुरु की जुटान ने सचमुच देश को यह संदेश दिया है कि एनडीए को धूल चटाने के लिए इंडिया भरोसामंद औजार साबित होगा? लेकिन इस जुटान में अभी से ही जिस तरह का बिखराव दिखने लगा है, उससे लगता नहीं कि चुनाव आते-आते तक यह खेमा मजबूती के साथ केंद्र की मौजूदा सरकार को चुनावी मैदान में चुनौती दे पाएगा।

इसमें दो राय नहीं है कि विपक्षी खेमे की इस जुटान और उसके जरिए मोदी और बीजेपी को घेरने की बुनियाद नीतीश कुमार ने रखी है। पिछले ग्यारह महीनों से वे लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। उनकी ही पहल पर पहली बैठक पटना में हुई। जिसकी तारीख पहले टली और आखिरकार जून महीने के आखिर में हुई। इस बैठक में शामिल होने को लेकर जिस तरह कांग्रेस ने रुख दिखाया, नीतीश कुमार और उनके रणनीतिकारों को चेत जाना चाहिए था। चाहे नीतीश हों या लालू या फिर अखिलेश, समाजवादियों की राजनीति की जिस वैचारिक खेमेबंदी पर टिकी है, उसकी बुनियाद में कांग्रेस विरोध ही है। लालू यादव इसके अपवाद हैं। क्योंकि पिछली सदी के नब्बे के दशक में जनता दल से अलग होकर उन्होंने जब अपनी अलग पार्टी बनाई, कमोबेश तब से वे कांग्रेस के साथी हैं। कभी वे कांग्रेस के रहमोकरम पर होते हैं तो कभी बिहार में कांग्रेस उनके रहमोकरम का मोहताज होती रही है। इसलिए यह माना जा सकता है कि लालू और उनके बेटे तेजस्वी का कांग्रेस की गुगली का अंदाज रहा होगा। लेकिन नीतीश कांग्रेस की इस गुगली को क्यों नहीं भांप पाए? हैरत की बात यही है। पहले पटना के जुटान में कांग्रेस ने जिस तरह शामिल होने को लेकर हीलाहवाली की, उससे उपजे संदेश के एक-एक अक्षर को राजनीतिक समीक्षक समझ रहे थे। उन्हें पता था कि कांग्रेस विपक्षी जुटान में जाकर अपने से छोटे दलों की परिक्रमा करती नजर नहीं आना चाहती। विपक्षी जुटान में वह खुद को ग्रहमंडल के सूर्य की तरह केंद्र में रखना चाहती है और उसकी चाहत बाकी दलों को उसके इर्द-गिर्द ग्रहों की तरह परिक्रमाशील बनाने की है। बेंगलुरु में जिस तरह खुद को फोकस में रखने में वह कामयाब हुई है, उससे साफ है कि उसने साफ संकेत दे दिया है कि विपक्षी जुटान का वही प्रमुख चेहरा होगी।

विपक्षी खेमों को साथ लाने की जितनी कोशिश नीतीश ने की है, उतनी मौजूदा दौर में किसी ने नहीं की है। इस जुटान में शामिल वामपंथी दलों को छोड़ दें, जिनकी वैचारिक बुनियाद की मजबूरी मोदी विरोध है, उन सब की मजबूरी इस गठबंधन में शामिल होना है। इसलिए सबने नीतीश कुमार के अभियान का साथ दिया। वैसे



पटना में बैठक का विचार उस ममता ने दिया था, जो एनडीए में रहते वक्त नीतीश कुमार और उनकी तत्कालीन समता पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं। पटना में बैठक के सुझाव के पीछे ममता की मंशा थी कि विपक्षी खेमेबंदी का श्रेय और नेतृत्व कांग्रेस हासिल न कर ले। पहली बैठक के बाद लगने लगा था कि नीतीश और ममता की सोच के हिसाब से ही विपक्षी खेमेबंदी आगे बढ़ रही है। लेकिन बेंगलुरु में कांग्रेस ने पासा पलट दिया। कांग्रेस की अघोषित नंबर वन सोनिया गांधी, कांग्रेस के अघोषित नंबर दो राहुल गांधी, कांग्रेस की अघोषित नंबर तीन प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस के घोषित नंबर वन उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में कांग्रेस ने पूरा नेतृत्व अपने हाथ में ले लिया।

नीतीश और उनके सलाहकारों को उम्मीद थी कि बेंगलुरु बैठक के बाद उन्हें ठीक वैसे ही विपक्षी खेमेबंदी का संयोजक स्वीकार कर लिया जाएगा, जिस तरह अतीत में उनके नेता जॉर्ज फर्नांडिस को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का संयोजक स्वीकार किया गया था। यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि तब गैर कांग्रेसी और गैर भाजपा दलों से संपर्क की जिम्मेदारी जॉर्ज निभाते थे। शायद नीतीश ने भी वैसी ही भूमिका सोच रखी थी। वैसे उन्हें लगता था कि जिस तरह उन्होंने मोदी विरोध में अपने सुर तेज किए हैं, उससे विपक्षी खेमा आने वाले दिनों में उन्हें अपना नेता मान लेगा। ऐसा सोचते वक्त वह कांग्रेस को कमजोर आंक गए। नतीजा सामने है, बेंगलुरु में उन्हें संयोजक बनाना तो दूर, उनकी पूछ भी कमजोर हो गई। नीतीश पर निगाह रखने वाले जानते हैं कि वे अपना गुस्सा छिपा नहीं पाते। बेंगलुरु की प्रेस कांफ्रेंस में भाग ना लेना और वहां से चुपचाप पटना के लिए निकल जाना तवज्जो ना मिलने से उपजे नीतीश के क्षोभ की ही कहानी कह रहा है।

वैसे नीतीश को पटना की बैठक के दौरान हुए लालू-राहुल गांधी संवाद को याद कर लेना चाहिए था। लालू की छवि हंसोड़ और मजाकिया की है। उन्होंने तब राहुल से दूल्हा बनने को कहा था। सामान्य रूप से इसे मजाक में लिया गया। लेकिन लालू ने एक तरह से कांग्रेस को संकेत दिया था कि कांग्रेस अगुआई करे। वह उनके साथ हैं। वैसे लालू पर कांग्रेस का गहरा अहसान है। साल 2000 में राबड़ी सरकार को बर्खास्त करके नीतीश को शपथ दिला दी गई थी। लेकिन राज्यसभा में तत्कालीन एनडीए सरकार का बहुमत नहीं था। कांग्रेस अपने रुख से टस से मस नहीं हुई। लिहाजा नीतीश को इस्तीफा देना पड़ा था और लालू की सरकार बहाल हो गई थी। पता नहीं, नीतीश को यह संदर्भ लालू के बयान के वक्त याद रहा या नहीं। लेकिन बेंगलुरु में जिस तरह कांग्रेस ने किया है, उससे साफ है कि कांग्रेस ने लालू के सुझाव को गहराई से समझा। यह सुझाव वैसा ही रहा, जैसा वह चाहती थी।

साल 1998 के बाद से लेकर अब तक नीतीश की पूरी राजनीति कांग्रेस विरोध की बुनियाद पर भाजपा के साथ पली-बढ़ी है। साल 2005 और 2010 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी बड़े भाई की भूमिका में रही, लेकिन बाद के दिनों में उसका आधार छीजता चला गया। इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें अपनी बारात का दूल्हा बनाए रखा। बीच के कुछ साल अपवाद के कहे जा सकते हैं, जब उन्होंने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस के हाथ में लालू की लालटेन पकड़ खुद के लिए रोशनी तलाशी। पहली बार जब उन्होंने लालटेन की रोशनी को अपने साथ लिया, तब तक वह रोशनी पीली पड़ने लगी थी।

05 | कोलकाता, बुधवार, 26 जुलाई 2023 | देश-विदेश | खबरों की नई पहचान भारतमित्र

# पाक पहुंची अंजू ने कबूला इस्लाम, फातिमा बनकर नसरुल्लाह से किया निकाह

**इस्लामाबाद।** फेसबुक फ्रेंड से मिलने हिन्दुस्तान से पाकिस्तान गई अंजू ने अब वहां धर्म परिवर्तन कर अंजू से फातिमा बन गई है। उसने धर्म परिवर्तन कर अपने दोस्त नसरुल्लाह से निकाह भी कर लिया है। बता दें कि वीजा लेकर पाकिस्तान गई अंजू ने पहले कहा था कि वह बस अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने वहां गई और कुछ दिनों में लौट आएगी हालांकि अब पाकिस्तान से उसके निकाह कर लेने की खबरें सामने आई है। अंजू भारत में पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। अंजू धर्म परिवर्तन करने से पहले ईसाई थी।

हालांकि निकाह के बाद जब नसरुल्लाह ने शादी की बात से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं नसरुल्लाह ने ये भी कहा कि अंजू (फातिमा) उनकी दोस्त है और वह उससे प्यार नहीं करते हैं हालांकि इस बीच दोनों का निकाहनामा सामने आया गया जो नसरुल्लाह के दावों पर सवाल खड़ा कर रहा है। इससे पहले एक पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट ने दावा किया था कि वह अपने नए घर में खुशी से रह रही है। अधिकारी के हवाले से कहा गया था कि स्थानीय लोगों ने अंजू को तोहफे भेंट किए हैं और वह यहां खुश है। वो नसरुल्लाह के घर में ही रह रही है। अंजू ने पुलिस को बताया है कि उसने भारत में अपने पति से तलाक ले लिया है। पुलिस ने यह भी बताया कि वह अपना प्यार पाने के लिए भारत से पाकिस्तान आई है और यहां खुशी से रह रही है। पुलिस अधिकारी ने मीडिया को अंजू के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि अंजू के पाकिस्तान आने की जांच पूरी हो चुकी है। वह एक महीने के विजिट वीजा पर पाकिस्तान आई है और उसके सभी दस्तावेज वैध और सही हैं।

बता दें कि अंजू भारत में उत्तर प्रदेश के कैलोर की रहने वाली है। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करती है और साल 2007 में अरविंद से उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद अंजू राजस्थान के भिवाड़ी में पति के साथ रहती थी। शादी के बाद अरविंद से उसके दो बच्चे भी हैं। अंजू फेसबुक के जरिए नसरुल्लाह से संपर्क में आई थी और फिर उनकी दोस्ती हो गई। इसके बाद दोनों फोन पर भी बात करने लगे और फिर वह उससे मिलने पाकिस्तान पहुंच गई।

## तेलंगाना के बीआरएस विधायक का चुनाव अवैध घोषित

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक वनमा वेंकटेश्वर राव के चुनाव को अमान्य करार दिया है और दूसरे स्थान पर रहे जलागम वेंकटराव के चुनाव को सही घोषित किया है। कानूनी विवाद तब पैदा हुआ जब वेंकटराव ने वर्ष 2018 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोठागुडेम विधायक के रूप में राव की जीत को चुनौती देते हुए आरोप लगाया कि चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी प्रस्तुत की गई थी। गहन जांच के बाद अदालत ने फैसला सुनाया कि राव का चुनाव अवैध था।अदालत के फैसले के परिणामस्वरूप वेंकटराव को वर्ष 2018 के चुनाव में निकटतम उम्मीदवार होने के कारण निर्वाचित विधायक घोषित किया गया।

## अल्जीरिया में दावानल से हाहाकार, 10 सैनिकों व 15 नागरिकों की मौत

**अल्जीयर्स ।** अल्जीरिया में जंगल में लगी आग विकराल हो गई है। इस दावानल में 10 सैनिकों और 15 नागरिकों की मौत हो गई। सैनिक तेज हवाओं और चिलचिलाती गर्मी के बावजूद आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार ने यह सूचना सोमवार को साझा की। गृह मंत्रालय ने कहा है कि 1,500 लोगों को जंगल से सुरक्षित निकाला गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व बेनी क्सिला के रिसॉर्ट क्षेत्र में आग बुझाने के दौरान 10 सैनिक मारे गए और 25 घायल हो गए।

## बारामूला से लश्कर के दो मददगार गिरफ्तार

**बारामूला ।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के क्रेरी इलाके में पुलिस ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि चक टपर क्रेरी गांव में आतंकियों की आवाजाही के संबंध में एक विशेष सूचना पर बारामूला पुलिस और सेना की 29 आरआर के जवानों ने नाका लगाया। चक टपर से मेन रोड क्रेरी की ओर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों ने संयुक्त नाका पार्टी को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 2 चीनी पिस्तौल, 2 पिस्तौल मैगजीन, 14 जीवित पिस्तौल राउंड, 1 आईडी कार्ड और आधार कार्ड की 1 ज़ेरॉक्स कॉपी बरामद की गई। गिरफ्तार सहयोगियों की पहचान दयाम मजीद खान पुत्र अब मजीद खान निवासी चेक पंजीगाम बांदीपोरा और उबैर तारिक पुत्र तारिक अहमद खान निवासी पंजीगाम बांदीपोरा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान दोनों सहयोगियों ने बताया कि वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं और उन्होंने जिला बारामूला में लक्षित हत्या के लिए हथियार और गोला-बारूद एकत्र किया था। वहीं पुलिस स्टेशन क्रेरी में मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच जारी है।

## बैलेंस ऑफ पावर बनने पर सरकार में शामिल होगी बसपा : मायावती



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना सहित चार राज्यों में होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने राजस्थान के बाद मध्य प्रदेश के हालात और ताजा राजनीतिक समीकरण पर भी चर्चा की है। मायावती ने बैठक में कहा कि बसपा कई राज्यों में बैलेंस ऑफ पावर बनकर जरूर उभरी है। लेकिन बसपा विरोध-विरोधी जातिवाद तत्व, सरकार बनाने की अपनी लोभ में साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेक हथकंडे अपनाकर बसपा के विधायकों को तोड़ लेते हैं। इससे जनता के साथ विश्वासघात होने से बसपा मूवमेंट को भी काफी आघात पहुंचता है।

मायावती ने कहा कि बसपा ने सबसे आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में चार बार अपनी सरकार बनाकर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के सपनों को जमीनी हकीकत में उतारने के लिए सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति का काफी हद तक बेमिसाल काम किया है। लेकिन दूसरे राज्यों में भी बैलेंस ऑफ पावर बनकर सरकार में शामिल होकर गरीबों उपेक्षितों के हित व उन पर होने वाले अत्याचार को रोकने का काम किया जा सकता है। इसलिए चार राज्यों के हाल दिनों में होने वाले चुनाव के बाद बैलेंस ऑफ पावर बनने पर, लोगों की चाहत के हिसाब से सरकार में शामिल होने पर विचार संभव है। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से गरीबों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों में खासकर मुस्लिम और इसाई समाज के लिए लोगों और उनके संस्थानों पर जुल्म-ज्यादती पर भी सरकारी द्वेष और अत्याचार की लगातार खबरें आती है, जो दुखद है। इसका समाधान तभी संभव है जब सरकार में उनके हितैषी पार्टी के सच्चे व ईमानदार प्रतिनिधि हों। कई राज्यों में बाढ़ पीड़ितों के साथ सरकारी बेरूखी का संज्ञान लेते हुए मायावती ने कहा कि पीड़ितों के लिए लोगों को जो संभव हो सके जरूर मदद करनी चाहिए। सरकार को भी मदद के लिए आगे आने पर जोर देना चाहिए।

## झारखंड में बड़ी डिग्रियां वालों को नहीं मिल पाएंगी छोटी नौकरियां

**रांची ।** झारखंड में जिन लोगों के पास ऊंची डिग्रियां हैं, वे निचले स्तर की सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। राज्य में जेएसएससी (झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) की परीक्षाओं की जो मौजूदा नियमावली है, उसमें इस तरह के संशोधन का मसौदा राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने तैयार किया है।

विभाग की दलील है कि जिन नौकरियों के लिए मैट्रिक की अर्हता निर्धारित है, उसकी परीक्षाओं के लिए मैट्रिक से ऊपर की शैक्षणिक योग्यता यानी इंटर, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट भी बड़ी संख्या में आवेदन कर देते हैं। ऐसी स्थिति में मात्र मैट्रिक पास अभ्यर्थियों का हक मारा जाता है। झारखंड में सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी जेएसएससी की है। कार्मिक विभाग ने जेएसएससी परीक्षाओं की नियमावली में बदलाव का प्रस्ताव तैयार कर राज्य के मुख्य सचिव के पास विचारार्थ भेजा है। अगर इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाती है और इसे अधिसूचित कर दिया जाता है तो फिर मैट्रिक स्तर की परीक्षाओं के लिए इंटर, स्नातक या अन्य तरह की उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र-युवा आवेदन नहीं कर पाएंगे।

राज्य में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पदों पर ऊंची डिग्रियों वाले सैकड़ों लोग कार्यरत हैं। पीजी, बीटेक और पीएचडी डिग्री होल्डर भी कई छोटी सरकारी नौकरियों में काबिज हैं। तीसरे-चौथे दर्जे की नौकरियों की वैकेंसी निकलने पर उच्च शिक्षा प्राप्त लोग भी बड़ी तादाद में परीक्षा में शामिल होते हैं। कई विभाग और दफ्तर ऐसे हैं, जहां मैट्रिक पास सहायक के अधीन उच्च शिक्षा की डिग्री वाले भी काम कर रहे हैं। इससे कामकाज में असहज स्थिति पैदा होती है। हालांकि यह तय माना जा रहा है कि नियमावली में इस तरह का संशोधन होने पर उसका विरोध होगा। इसे कोर्ट में भी चुनौती दी जा सकती है, क्योंकि पूरे देश में शायद ही कहीं ऐसी व्यवस्था हो जिसमें उच्च शैक्षणिक डिग्री होने पर अभ्यर्थी को किसी प्रतियोगी परीक्षा से डिबार कर दिया जाए। सनद रहे कि झारखंड में परीक्षा और नियुक्ति की नियमावलियों को लेकर लगातार विवाद खड़े होते रहे हैं। ऐसे विवादों के कारण पिछले तीन-चार साल में ही एक दर्जन से ज्यादा नियुक्ति परीक्षाएं और प्रक्रियाएं या तो रद्द की गई हैं या फिर बाधित हुई हैं।

## हंगामे के बीच जैविक विविधता संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित

**नई दिल्ली ।** मणिपुर में हिंसा पर विपक्षी दलों के सांसदों के हंगामे के बीच, मंगलवार को जैविक विविधता संशोधन विधेयक, 2022 लोकसभा से पारित हो गया। इस विधेयक से जैविक घटकों के सतत उपयोग और कमजोर समुदायों के साथ लाभों के उचित एवं न्यायसंगत बंटवारा सुनिश्चित किया जा सकेगा। सदन द्वारा विधेयक पारित होने से पहले लोकसभा में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस समय दुनिया तीन तरफ से जलवायु संकट का सामना कर रही है। इसमें जलवायु परिवर्तन, मरुस्थलीकरण और जैविक संसाधनों का नुकसान शामिल है। जैविक विविधता अधिनियम से जैविक घटकों के सतत उपयोग और कमजोर समुदायों के साथ न्यायसंगत बंटवारा सुनिश्चित हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक से जैविक घटकों के व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना चाहते हैं। आयुष मंत्रालय द्वारा जैविक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। हम इस क्षेत्र में अनुसंधान, सहयोग और नवाचार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस यानि व्यापार करने और जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा देना चाहती हैं। इस दिशा में आगे बढ़ाने का काम इस विधेयक द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दिसंबर 2021 में जैविक विविधता अधिनियम (2002) में संशोधन का प्रस्ताव रखा, तो देश के जैव विविधता संसाधनों के बढ़ते शोषण के लिए इसकी आलोचना की गई। इसके बाद सरकार इस विधेयक को आगे के विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया था। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद इसे संसद के पटल पर रखा गया। भारी हंगामे के बीच इसे ध्वनिमत से पारित घोषित किया गया।

## पाक सेना प्रमुख ने कहा, कम करें विदेशी ऋण पर निर्भरता

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद असीम मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान को अब भीख का कटोरा फेंक कर विदेशी ऋष्ा पर निर्भरता कम करनी चाहिए। एक समारोह में उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक गौरवान्वित और प्रतिभाशाली राष्ट्र है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा कि देश के पास सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद हैं। सुरक्षा और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे के साथ आपस में जुड़े हुए हैं। जब तक पाकिस्तान मौजूदा संकट से बाहर नहीं निकल जाता है तब तक सेना चैन से नहीं बैठेगी।

सेना प्रमुख ने

कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को सभी नेमतों से नवाजा है और दुनिया की कोई ताकत देश की प्रगति को नहीं रोक सकती। राज्य मां की तरह होता है। लोगों और राज्य के बीच का रिश्ता प्यार और सम्मान का होता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना को अपने राष्ट्र की सेवा करने पर गर्व है। सेना को लोगों से ताकत मिलती है।

## आज़ाद की बदौलत हम सभी आज़ाद हैं : अजय अनहद



**अमेठी।** हिंदी सेवा संस्थान, राष्ट्रीय कवि संगम, प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संयुक्त तत्वावधान में श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन राजेंद्र शुक्ला अमरेश की अध्यक्षता और आशु कवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु के कुशल संचालन में संपन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक कवि शामिल हुए। डॉ. अर्जुन पांडेय, शरद श्रीवास्तव शरद, सुरेश जायसवाल, सूर्यमणि ओझा, सुधीर रंजन द्विवेदी, रामबदन शुक्ल पथिक, चंद्रप्रकाश मंजुल, ज्ञानेंद्र पांडेय, राजबहादुर राणा, सर्वेश कांत वर्मा सरल, आदित्य प्रताप यादव, उदयराज वर्मा, अभिजीत त्रिपाठी, शिव भानु कृष्णा, दिवस प्रताप सिंह, रश्मि रागिनी, सरिता भालोठिया, राम शंकर सिंह, कांति सिंह, सुजीत जायसवाल जीत आदि प्रमुख कवियों ने काव्यपाठ किया। साहित्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु 50 प्रतिभाओं को सुत भारती सम्मान 2023 के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में हिंदी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय जायसवाल अनहद महासचिव प्रेम कुमार साहू, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवं संरक्षक विनय सागर जायसवाल का अप्रतिम योगदान रहा।

## लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगा जेडीएस

**बंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष और देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ किया है कि जेडीएस लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी यानी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए या कांग्रेस नीत संयुक्त विपक्ष में से किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। देवगौड़ा ने कहा कि हम चाहे चार सीटें जीतें या पांच सीटें या छह, लेकिन हम अकेले ही लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जेडीएस लोकसभा चुनाव के लिए सिर्फ उन क्षेत्रों में ही उम्मीदवार उतारेगी, जहां पार्टी मजबूत है। इसे लेकर पार्टी काडरों से भी चर्चा की जाएगी।

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू से 3025 श्रद्धालुओं का 23वां जत्था रवाना

**जम्मू ।** जम्मू के भगवती नगर स्थित आधार शिविर से मंगलवार की सुबह 23वां जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस जत्थे में 3025 श्रद्धालु 119 वाहनों में सवार होकर बाबा अमरनाथ के दर्शन करने गए। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक 3025 श्रद्धालुओं का 23वां जत्था मंगलवार की सुबह जम्मू के यात्री निवास भगवती नगर से पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना हुआ। 1865 श्रद्धालुओं का काफिला 81 वाहनों में सवार होकर पहलगाम के लिए रवाना हुआ और 1160 श्रद्धालु 38 वाहनों में सवार होकर बालटाल स्थित आधार शिविर के लिए रवाना हुए। अमरनाथ की पवित्र गुफा 3,888 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा एक जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई थी। यह यात्रा 31 अगस्त को सम्पन्न होगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-91-94-23, दिनांक: 25.07.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित विवरणों के अनुसार एफओबी, एबीएसएस एवं स्पेशल कार्य के लिए 04 (चार) अदद ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का विवरण** एवं **निविदा मूल्य** निम्नानुसार हैं: **1; ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-91-23;** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन पुरुलिया, बोकारो, बिष्णुपुर एवं आद्रा में डीप ट्यूबवेल की स्थापना तथा बरसात के पानी का संग्रहण एवं ₹ 2,82,68,619.75। **2; ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-92-23;** आद्रा मंडल के बीडीआर खंड में एक लूप लाइन सहित बेलियातोड़ (बीसीज़ेड) तथा रायनगर (आरएनजीआर) पर क्रॉसिंग स्टेशन के कार्य के सम्बन्ध में बेलियातोड़ (बीसीज़ेड) तथा रायनगर (आरएनजीआर) स्टेशन पर जल आपूर्ति, वाटर बूथ तथा आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान तथा एफओबी, नया प्लेटफॉर्म (350 मीटर), प्लेटफॉर्म वाल, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म पर 1 अदद टॉयलेट, 1 अदद बोर वेल, अप्रोच सड़क का निर्माण एवं ₹ 5,36,21,370.04। **3; ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-93-23;** आद्रा मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन बर्नपुर (बीयूआरएन) स्टेशन पर सॉफ्ट क्रमोन्नयन तथा दिव्यांगजन सुविधाएँ एवं ₹ 7,63,86,988.55। **4; ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-94-23;** कंडेम्नड क्वार्टरों के बदले में 12 इकाई टाइप II क्वार्टरों (आद्रा में - 4 इकाई तथा बीक्यूए में - 08 इकाई) का निर्माण एवं ₹ 3,75,22,767.05। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 16.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (PR-439)


# मणिपुर में बर्बरता की शिकार महिलाओं से मिलीं स्वाति मालीवाल, गले लगकर बंधाया ढांढस

**नई दिल्ली ।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मणिपुर हिंसा में बर्बरता की शिकार हुई महिलाओं और उनके परिजनों से मुलाकात की। इसकी जानकारी स्वाति ने ट्विटर पर साझा की है। स्वाति ने लिखा है, मणिपुर की जिन दो बेटियों के साथ बर्बरता की गई, मैं उनके परिवारों से मिली। एक लड़की के पति ने फौजी रहते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की।उन्होंने मुझे बोला कि अब तक उनसे मिलने तक कोई नहीं आया है, मैं उनके पास पहुँचने वाली पहली हूं। दूसरी लड़की की मां से भी मुलाक़ात हुई। जब मैं यहां बिना सुरक्षा पहुंच सकती हूं तो अब तक सीएम या बाक़ी प्रशासन क्यों नहीं आया। स्वाति ने अगले ट्वीट में वीडियो साझा कर लिखा है, मणिपुर की बर्बरता की पीड़ित बेटियों के परिवार से मिलीज इनके ये आंसू बहुत दिन तक सोने नहीं देंगे। अब तक इनसे कोई मिलने तक नहीं आया। वीडियो में स्वाति मालीवाल पीड़िता को गले लगाकर ढांढस बंधाते हुए दिख रही हैं।

स्वाति ने कहा कि जिस लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसकी मां ने बताया कि घटना के दौरान उसके पिता और भाई उसको बचाने के लिए गए थे लेकिन उनकी हत्या कर दी गई। जिस महिला को नग्न कर घुमाया गया और छेड़छाड़ की गई, उसके पति ने देश के लिए कारगिल युद्ध लड़ा है। उन्होंने बताया कि पीड़िता गहरे सदमे में हैं। परिजनों ने बताया कि आज तक न तो मुख्यमंत्री, न ही किसी कैबिनेट मंत्री और न ही राज्य के किसी वरिष्ठ अधिकारी ने उनसे मिलने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि उन्हें अब तक सरकार से कोई परामर्श, कानूनी सहायता या मुआवजा नहीं मिला है। वे इस बात से नाराज थे कि उनके मामले में किसी भी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्वाति ने दोनों पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि वे अकेले नहीं हैं। जरूरत की घड़ी में पूरा देश उनके साथ है। इसके अलावा स्वाति मालीवाल मादीपुर में राहत शिविरों में भी गई और अन्य हिंसा प्रभावित महिलाओं से मुलाकात की। स्वाति ने कहा, ये तीन दिन मेरे लिए बेहद कठिन रहे। मुझे मणिपुर में प्रवेश करने के लिए सरकार द्वारा किसी भी सहायता से इनकार कर दिया गया था फिर भी मैं व्यक्तिगत जोखिम पर यहां आई। वायरल वीडियो ने मुझे अंदर तक झकझोर दिया और मैं हर कीमत पर पीड़ित लोगों से मिलना चाहती थी।


**Nagaland State Lotteries**

**DEAR GODAVARI TUESDAY WEEKLY LOTTERY** — 01:00 PM

Draw No:17 **Price ₹6/-** Draw Date on:25/07/23

**1st Prize Rs.1 Crore/- 35G 79359**

**Cons. Prize Rs.1000/- 79359**

**(Remaining All Serial & Series)**

2nd Prize Rs.9000/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 42428 | 46366 | 47962 | 50090 | 56019 |
| 61932 | 64409 | 76586 | 78391 | 82994 |

3rd Prize Rs.450/-

0154 1926 2027 2091 2269 3868 4089 6302 6442 8040

4th Prize Rs.250/-

0432 2592 3118 4200 6031 7294 7365 8190 8859 9179

5th Prize Rs.120/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0015 | 1256 | 1902 | 2717 | 4499 | 5370 | 6190 | 6892 | 8047 | 8755 |
| 0184 | 1259 | 1948 | 3150 | 4590 | 5460 | 6317 | 7058 | 8048 | 8918 |
| 0417 | 1381 | 1955 | 3242 | 4636 | 5492 | 6327 | 7109 | 8139 | 9104 |
| 0653 | 1391 | 1957 | 3320 | 4817 | 5547 | 6445 | 7285 | 8169 | 9125 |
| 0694 | 1392 | 2023 | 3468 | 4861 | 5604 | 6529 | 7347 | 8170 | 9159 |
| 0901 | 1602 | 2033 | 3707 | 4938 | 5649 | 6567 | 7377 | 8171 | 9232 |
| 0979 | 1632 | 2110 | 3976 | 5102 | 5789 | 6597 | 7782 | 8339 | 9565 |
| 1098 | 1674 | 2154 | 4042 | 5140 | 5986 | 6611 | 7845 | 8653 | 9666 |
| 1220 | 1677 | 2234 | 4068 | 5177 | 6076 | 6620 | 7851 | 8681 | 9791 |
| 1249 | 1796 | 2548 | 4439 | 5349 | 6092 | 6733 | 7974 | 8691 | 9802 |

01:00 PM

**Nagaland State Lotteries**

**DEAR WAVE TUESDAY WEEKLY LOTTERY** — 06:00 PM

Draw No:17 **Price ₹6/-** Draw Date on:25/07/23

**1st Prize Rs.1 Crore/- 91H 89527**

**Cons. Prize Rs.1000/- 89527**

**(Remaining All Serial & Series)**

2nd Prize Rs.9000/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01823 | 04840 | 35489 | 56115 | 61117 |
| 72537 | 72824 | 76108 | 82495 | 89428 |

3rd Prize Rs.450/-

0038 2185 2522 3962 6276 6319 6933 7448 8532 9839

4th Prize Rs.250/-

0683 1112 1189 3506 5177 6552 6846 7362 7575 7988

5th Prize Rs.120/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0023 | 1504 | 2765 | 3812 | 4432 | 5578 | 6468 | 7361 | 8130 | 8950 |
| 0036 | 1723 | 2780 | 3859 | 4495 | 5612 | 6573 | 7427 | 8302 | 9068 |
| 0047 | 1732 | 2961 | 3940 | 4548 | 5685 | 6579 | 7455 | 8439 | 9216 |
| 0396 | 1807 | 2996 | 3996 | 4679 | 5711 | 6622 | 7517 | 8513 | 9495 |
| 0469 | 1882 | 3001 | 4055 | 4739 | 5739 | 6664 | 7612 | 8585 | 9519 |
| 0691 | 2205 | 3456 | 4103 | 4906 | 5885 | 6673 | 7622 | 8608 | 9590 |
| 0699 | 2243 | 3474 | 4160 | 5002 | 5905 | 6743 | 7677 | 8637 | 9617 |
| 1170 | 2404 | 3547 | 4163 | 5358 | 5966 | 7038 | 7815 | 8737 | 9734 |
| 1345 | 2457 | 3597 | 4259 | 5370 | 6101 | 7153 | 7945 | 8748 | 9797 |
| 1383 | 2610 | 3649 | 4398 | 5417 | 6397 | 7343 | 8096 | 8751 | 9819 |

06:00 PM

**Nagaland State Lotteries**

**DEAR GOOSE TUESDAY WEEKLY LOTTERY** — 08:00 PM

Draw No:17 **Price ₹6/-** Draw Date on:25/07/23

**1st Prize Rs.1 Crore/- 74G 52531**

**Cons. Prize Rs.1000/- 52531**

**(Remaining All Serial & Series)**

2nd Prize Rs.9000/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01392 | 12829 | 29421 | 42038 | 48322 |
| 55311 | 58229 | 60309 | 73855 | 81855 |

3rd Prize Rs.450/-

0176 0433 2584 2691 2980 3762 4349 6092 6204 8325

4th Prize Rs.250/-

0985 1973 3302 4123 4147 5423 5469 5615 8798 8931

5th Prize Rs.120/-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0076 | 1005 | 1734 | 2781 | 4087 | 4925 | 5616 | 6940 | 7695 | 8975 |
| 0122 | 1047 | 1737 | 3277 | 4122 | 4942 | 5745 | 6965 | 7873 | 9069 |
| 0147 | 1107 | 1748 | 3303 | 4225 | 5061 | 5806 | 7055 | 7937 | 9083 |
| 0218 | 1261 | 2000 | 3358 | 4239 | 5128 | 6007 | 7198 | 7967 | 9498 |
| 0370 | 1272 | 2016 | 3416 | 4240 | 5143 | 6027 | 7219 | 8004 | 9547 |
| 0462 | 1273 | 2104 | 3738 | 4258 | 5189 | 6235 | 7303 | 8261 | 9591 |
| 0485 | 1328 | 2171 | 3840 | 4595 | 5380 | 6313 | 7352 | 8374 | 9701 |
| 0563 | 1353 | 2313 | 3841 | 4671 | 5463 | 6663 | 7449 | 8585 | 9793 |
| 0827 | 1438 | 2321 | 3894 | 4676 | 5565 | 6684 | 7670 | 8600 | 9888 |
| 0893 | 1679 | 2581 | 3927 | 4706 | 5582 | 6934 | 7683 | 8928 | 9906 |

08:00 PM

Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima

Watch Live Draw On : nagalandlotteries.com/livedraw

PLEASE CHECK THE RESULTS WITH RELEVENT OFFICIAL GOVERNMENT GAZATTE

# शिक्षक नियुक्ति के पुराने मामले में हाईकोर्ट ने लगाया जुर्माना



कोलकाता । कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य शिक्षा विभाग पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इस जुर्माने की राशि अगले दस दिनों के भीतर हाईकोर्ट की कानूनी सहायता सेवा को जमा करनी होगी। हाईकोर्ट के जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय के एकल पीठ ने मंगलवार को एक मामले में यह आदेश दिया है। गौरतलब है कि 2016 में हाईकोर्ट ने एक आदेश दिया था जिये आदेश अभी तक लागू नहीं किया गया था। इसलिए मामला अदालत के सामने आया और एक नया मामला दर्ज किया गया। जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने उस मामले में शिक्षा विभाग पर जुर्माना लगाया था। गौरतलब है कि पूर्व मेदिनीपुर में 2012 प्राथमिक भर्ती मामले में भाई-भतीजावाद की शिकायत को लेकर कोर्ट में मामला दायर किया गया था। 2016 के मामले में कोर्ट ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को जांच का आदेश दिया था। उस समय हाई कोर्ट ने इस मामले की जांच करने को कहा था कि परिवार के सहयोग से किसे नौकरी मिली लेकिन आरोप है कि 2016 से लेकर इतने वर्षों के बाद भी निर्देश लागू नहीं किया गया है। वहीं अब अदालत में एक नया मुकदमा दायर किया गया है। याचिकाकर्ता के वकील के मुताबिक, जो लोग उस वक्त अवैध तरीके से नौकरी पर रखे गए थे, उन्हें नौकरी से हटाया जाना चाहिए। साथ ही अदालत से मामले की जांच कराने का आदेश देने का भी अनुरोध किया गया है।

वहीं उस मामले को देखते हुए कोर्ट ने मंगलवार को शिक्षा विभाग पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट के मुताबिक जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उससे जुर्माने की रकम वसूली जाएगी। इसके अलावा प्रमुख सचिव को अगले 6 सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट कोर्ट में सौंपने का भी निर्देश दिया गया है। अदालत का सख्ती से मानना है कि यदि प्रधान सचिव के पास निर्णय लेने की शक्ति नहीं है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी।

## सीबीआई ने माणिक को बताया भ्रष्टाचार का मास्टरमाइंड

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इसी मामले में गिरफ्तार प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य को मुख्य साजिशकर्ता करार दिया है। केंद्रीय एजेंसी ने न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली की एकल पीठ में मंगलवार को एक हलफनामा दाखिल कर कहा है कि माणिक ने साजिशें रची और भ्रष्टाचार की सारी योजना बनाई। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पार्टी बनाने का आदेश दिया। दरअसल सुकांत प्रमाणिक नाम के एक व्यक्ति ने नए सिरे से एक याचिका लगाई है जिसमें दिव्येंदु सरकार अधिवक्ता है। न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली के एकल पीठ में दाखिल की गई याचिका में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह पहले से ही लग रहा था कि माणिक भट्टाचार्य इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता हैं। अब ईडी को भी इस मामले में शामिल होकर धन शोधन की जांच करनी होगी। उल्लेखनीय है कि माणिक भट्टाचार्य पर न्यायमूर्ति गांगुली ने इसके पहले कई बार कर्तव्य से चुकने को लेकर जुर्माना लगाया है।

# सीबीआई को खटक रहा है सलाहकार समिति का गठन




कोलकाता। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सरकारी स्कूलों में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए एक सलाहकार समिति के गठन पर राज्य शिक्षा विभाग से पूछताछ की है। सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच कर रहे सीबीआई अधिकारी इस बात से हैरान हैं कि 2016 की भर्ती के लिए सलाहकार समिति का गठन 2018 में किया गया था। इसलिए, अधिकारियों ने भर्ती के वर्ष के दो साल बाद सलाहकार समिति के गठन के औचित्य पर शिक्षा विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है। जांच एजेंसी ने अन्य प्रासंगिक विवरणों के बारे में भी पूछताछ की है, जैसे कि किसके सुझाव पर सलाहकार समिति बनाई गई थी और इसके सदस्यों का चयन किया गया था। इसने इस प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त उम्मीदवारों का विवरण भी मांगा है, जहां सलाहकार समिति ने पूरी नियुक्ति और भर्ती प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्पष्टीकरण के आधार पर, सीबीआई मामले में अपनी अगली कार्रवाई तय करेगी। बता दें कि 22 जुलाई को, राज्य के पूर्व शिक्षा सचिव दुष्यंत नरियाला को मध्य कोलकाता में सीबीआई के निज़ाम पैलेस कार्यालय में बुलाया गया और घंटों पूछताछ की गई थी। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान सलाहकार समिति के गठन की बात सामने आयी। नारियाला ने 2016 और 2018 के बीच एक महत्वपूर्ण अवधि के लिए राज्य शिक्षा सचिव के रूप में कार्य किया, जो वही समय अवधि है, जब सलाहकार समिति की स्थापना की गई थी। पार्थ चटर्जी, जो वर्तमान में स्कूल भर्ती मामले में कथित संलिप्तता के लिए न्यायिक हिरासत में हैं, उस अवधि के दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री थे।

## फिर दिल्ली गए शुभेंदु, शाह से हो सकती है मुलाकात

कोलकाता। वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी मंगलवार को दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हो गये। दमदम हवाई अड्डे से वे दिल्ली के लिए रवाना हुए।

प्रदेश भाजपा सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर शुभेंदु अधिकारी दिल्ली गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनकी मुलाकात होने की संभावना है। इसके पहले वह रविवार को ही दिल्ली गए थे जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उनकी बैठक हुई थी। सोमवार को ही बैठक खत्म कर वे रात को लौटे और मंगलवार को अपराह्न एक बार फिर उनके दिल्ली जाने के बाद राज्य की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। खास बात यह है कि आज ही भाजपा विधायक विष्णुपद रॉय का निधन हुआ है और उनके अंतिम संस्कार में शुभेंदु अधिकारी को शामिल होना था।

## त्रिपुरा तृणमूल प्रदेश अध्यक्ष पीयूष कांति विश्वास ने दिया इस्तीफा



कोलकाता/अगरतल्ला। त्रिपुरा तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष कांति विश्वास ने ने मंगलवार को अपने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पूरी ताकत लगाई थी, लेकिन बहुत खराब प्रदर्शन रहा था। पीयूष कांति ने टीएमसी चीफ ममता बनर्जी और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी को अपना इस्तीफा सौंपा है। उन्होंने इसमें लिखा कि मैं टीएमसी के त्रिपुरा प्रदेश अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा देता हूं साथ ही तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहा हूं। मैं आपका और अभिषेक बनर्जी का आभारी हूं जिन्होंने मुझे ये जिम्मेदारी दी थी।

बता दें कि त्रिपुरा की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए इसी साल फरवरी के महीने में चुनाव हुए थे जिसमें पार्टी ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा था हालांकि टीएमसी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। टीएमसी को इस चुनाव में केवल 0.88 प्रतिशत वोट ही मिल पाया था। इस चुनाव में बीजेपी ने जीत हासिल करते हुए 32 सीटें जीती थीं।

## रिसड़ा : वार्ड 18 में सफाई अभियान



हुगली, 25 जुलाई। रिसड़ा पौरसभा के वार्ड नंबर 18 में पार्षद सुखसागर मिश्रा की अगुवाई में सफाई अभियान चलाया गया। रिसड़ा मेन रोड के आसपास के इलाके में अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से कूड़े-कचरे को हटाकर अन्यत्र फेंका गया। सुखसागर मिश्रा ने बताया कि इलाके में काफी दिनों से गंदगी भर गया था। स्थानीय लोगों के सहयोग से अभियान चलाया गया। जो काफी सफल रहा।

## शुरू हुआ हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी केंद्र



कोलकाता। महानगर कोलकाता के 4 सी गोपाल बनर्जी स्ट्रीट में प्रथम हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी केंद्र का आगाज हुआ। दावा किया गया कि उक्त तरह का केन्द्र पूर्वी क्षेत्र और कोलकाता में पहला है। दावा किया जा रहा है कि यह केन्द्र शहर के साथ ही पूरे पूर्वी क्षेत्र के नागरिकों के लिए चिकित्सा जगत में क्रांति लाएगा। केंद्र का उद्घाटन चिकित्सा व्यवसायी पूजा करनानी अग्रवाल ने किया जहां शहर की प्रमुख हस्तियों के साथ मनोज गुप्ता व अन्य मौजूद रहे। उद्यमी संजय मिंडा द्वारा प्रचारित, इस केंद्र का नेतृत्व स्निग्धा सील कर रही हैं।




मणिपुर के मुद्दे पर मंगलवार को राजभवन के सामने विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो-भारतमित्र।

## पश्चिम बंगाल में बारिश जारी, नदियां उफान पर

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। कई जगह बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। सरकार ने तटीय क्षेत्रों के लोगों के लिए कुछ स्थानों पर शिविर स्थापित किए हैं। अलीपुर स्थित मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय मुख्यालय के अनुसार कोलकाता में न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस है। यह लगभग सामान्य है। पिछले 24 घंटे में 3.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है।

हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत उत्तर बंगाल के अलीपुरदुआर, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में लगातार बारिश जारी है।

## अतिरिक्त बुकिंग विंडो खोले गये

कोलकाता, 25 जुलाई। यात्रियों की सुविधा के लिये पूर्व रेलवे ने स्थायी तौर पर कई स्टेशनों पर अतिरिक्त बुकिंग खिड़की खोले गये हैं। सियालदह, हावड़ा, कोलकाता, बारासात, रानाघाट, आसनसोल, बर्दमान, बंडेल, रामपुरहाट, जसीडीह, मालदह, भागलपुर, जमालपुर, साहेबगंज में अतिरिक्त बुकिंग खिड़की खोले गये हैं।

## लिलुआ वर्कशॉप में हेरीटेज कैलकुलेटर

हावड़ा, 25 जुलाई। लिलुआ वर्कशॉप में हेरीटेज कैलकुलेटर प्रदर्शनी लगायी गयी है। शताब्दी वर्ष पहले के दृश्यों का अवलोकन किया जा सकेगा। 150 वर्ष पहले रेलवे की हेरीटेज गेलरी प्रदर्शनी लगायी गयी है। 1887 से पहले के रेलवे की स्थिति की प्रदर्शनी लगायी गयी है।

## सीमा पर 17 किलो चांदी के आभूषण जब्त

कोलकाता। पश्चिम बंगाल से सटी भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उत्तर 24 परगना से सटी सीमा पर 17 किलो चांदी के आभूषण जब्त किया है। इसकी कीमत 10 लाख 38 हजार 996 रुपये है। इसे लेकर तस्कर भारत से बांग्लादेश की सीमा पार करने के फिराक में थे लेकिन पुख्ता सूचना मिलने पर बीएसएफ के जवानों ने इन्हें सीमा चौकी हकीमपुर के पास घेर लिया था। जवानों को अपनी तरफ आता देख तस्कर गहनों की पोटली फेंक कर फरार हो गए थे। मौके से 15 पैकेट बरामद किए गए जिनमें से 17 किलो 100 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। इसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग तेतुलिया को सौंप दिया गया है। बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमांत के प्रवक्ता डीआईजी ए. के. आर्य ने जवानों की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि तस्करों के नापाक इरादों को अंजाम देने से रोकने के लिए तस्करी के सभी संभावित मार्गों को कड़ी निगरानी में रखा गया है। उन्होंने ये भी कहा कि उनके पास तस्करी से संबंधित जानकारी देने के लिए शानदार टीम भी मौजूद है जो सीमावर्ती इलाके मे होने वाली संभावित आपराधिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखती है।

## दपूरे क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



कोलकाता। दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2023 की दूसरी बैठक मंगलवार को दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय, गार्डनरीच में संपन्न हुई। इस बैठक में सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। साथ ही सभी मंडलों के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई। दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारियों से आग्रह किया कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में सकारात्मक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मई, 2023 में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, कोलकाता में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय को राजभाषा कार्यान्वयन सम्बन्धी गतिविधियों के सम्यक निर्वहन हेतु प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। क्षेत्रीय रेल हिंदी प्रतियोगिताओं में सफल अधिकारी एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार सराहनीय रूप से हो रहा है। उन्होंने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिस पर अमल किया जाएगा। महाप्रबंधक ने कहा कि अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और राजभाषा के प्रसार-प्रचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। हिंदी में प्राप्त एवं हस्ताक्षरित पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में दिए जाने चाहिए। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) पी. सी. डांग ने किया।

## मालदा में जिन 2 महिलाओं को निर्वस्त्र किया गया था, उन्हें मिली बेल



कोलकाता । पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में जिन दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर पीटा गया था, उन्हें मंगलवार को जमानत मिल गई। जेल से बाहर आते ही महिलाओं ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। महिलाओं ने कहा है कि उन्हें पुलिस ने फर्जी मामले में फंसाया था। सोमवार दोपहर मालदा जिला अदालत के न्यायाधीश मृणाल कांति ने इन दोनों महिलाओं को जमानत दी थी लेकिन आदेश की कॉपी आने में शाम हो गई जिसकी वजह से उन्हें रात जेल में ही गुजारनी पड़ी। मंगलवार को दोनों महिलाएं जेल से रिहा हुईं।

दावा किया जा रहा था कि दोनों महिलाओं ने चोरी की जिसके बाद उन्हें मारपीट कर पुलिस के हवाले किया गया था। जमानत के बाद महिलाओं ने कहा कि भीड़ ने हमें जब मारना-पीटना शुरू किया तो हम लोगों ने विरोध जताना शुरू कर दिया था। पुलिस को देख कर मदद मांगी लेकिन किसी ने मदद नहीं की। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस में उन्हें झूठे मामले में जेल भेज दिया। पहले दावा किया गया कि हमने चोरी की लेकिन जब आरोप साबित नहीं हुआ तो उनपर पुलिस चौकी में तोड़फोड़ के आरोप लगाए गए। उनका कहना है कि वे कभी थाना के आउटपोस्ट के आसपास भी नहीं गई हैं। पीड़िता की बेटी ने कहा कि उनकी मां के साथ जो कुछ भी हुआ है उससे बहुत डरी हुई हैं। वह घर में छिप कर रह रही हैं।

## भाजपा उम्मीदवार की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकारा

कोलकाता। विष्णुपुर से भाजपा उम्मीदवार की रहस्यमय मौत पर हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई है। आरोप है कि पुलिस के पास शिकायत आने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके अलावा कई और गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि बिना पोस्टमार्टम कराए ही भाजपा प्रत्याशी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया जिसे लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया था। मामला हाईकोर्ट के जस्टिस जय सेनगुप्ता के पीठ में आया। प्रथम आरोप है कि बिना पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि शिकायत मिलने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायमूर्ति जॉय सेनगुप्तार ने कहा कि इस मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाने के पर्याप्त कारण हैं।

बताया जा रहा है कि विष्णुपुर के भाजपा उम्मीदवार भोलानाथ मंडल की रहस्यमय मौत के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएसपी रैंक के अधिकारी से जांच कराने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने काउंटिंग सेंटर और उन दो अस्पतालों की सीसीटीवी फुटेज बरामद करने का भी आदेश दिया, जहां भाजपा उम्मीदवार का इलाज चल रहा था। हाईकोर्ट में यह भी सवाल उठाया गया कि पुलिस के पास शिकायत आने के बाद भी एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने निर्देश दिया कि 21 जुलाई को दर्ज की गई शिकायतों को अब एफआईआर के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। जल्द ही जांच शुरू की जानी चाहिए।'

गौरतलब है कि इस मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। इस दिन पुलिस को केस डायरी के साथ जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट अदालत में जमा करने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा भाजपा प्रत्याशी के घर से जुटाए गए वीडियो फुटेज बरामद कर हलफनामा जमा करेगी। उल्लेखनीय है कि भोलानाथ मंडल दक्षिण 24 परगना के विष्णुपुर-1 ब्लॉक के दरिकावाडांगा ग्राम पंचायत से बीजेपी के टिकट पर खड़े हुए थे। वे चुनाव हार गये थे। आरोप है कि तृणमूल के बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

## धूपगुड़ी से भाजपा विधायक विष्णुपद रॉय का निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक



कोलकाता । उत्तर बंगाल के धूपगुड़ी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक विष्णुपद रॉय का निधन हो गया। 60 वर्षीय रॉय ने मंगलवार को तड़के अंतिम सांस ली। उन्हें रविवार को हार्ट अटैक के बाद पीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय जनता पार्टी ने विष्णुपद रॉय के निधन पर गहरा शोक जताया है। पार्टी ने कहा है उसने परिश्रमी और धुपगुड़ी की जनता के प्रिय नेता को खो दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के विधायक बिष्णु पद रे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, ÷पश्चिम बंगाल विधानसभा के विधायक बिष्णु पद रे जी के असामयिक निधन से दुख हुआ। वह एक मेहनती विधायक थे, जिन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कई प्रयास किये। उन्होंने बंगाल भाजपा को मजबूत करने के लिए भी कड़ी मेहनत की। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना। ओम शांति। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक बिष्णु पद रे का मंगलवार की सुबह यहां शहर के एक अस्पताल में हृदय गति रुकने से निधन हो गया।

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने भी रॉय के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अपने सहयोगी विष्णुपद रॉय के निधन से दुख पहुंचा है। अधिकारी ने कहा ईश्वर उनके परिजनों, दोस्तों और शुभचिंतकों को इस आघात को सहन की क्षमता और दिवंगत पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करे। पारिवार के सदस्यों के अनुसार ने पार्थिक शरीर को सुबह 10ः30 बजे छह नंबर मुरलीधर सेन लेन स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय ले जाया लाया गया। वहां श्रद्धांजलि दी गई।

## दमकल कर्मियों के कार्यकाल विस्तार पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य दमकल सेवा विभाग में अस्थायी कर्मचारियों के अंधाधुंध विस्तार पर मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की नाराजगी का सामना करना पड़ा। मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक ने राज्य अग्निशमन सेवा विभाग में कुछ अस्थायी कर्मचारियों को दिए गए तीन साल के विस्तार के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया, जिन्हें मूल रूप से केवल एक वर्ष की अवधि के लिए भर्ती किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों को इस तरह का अंधाधुंध विस्तार दिया गया, उन्हें उनकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बसाक ने कहा कि एक वर्ष की अवधि के लिए भर्ती को अनिश्चित काल तक नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई थी, इसमें राज्य अग्निशमन सेवा विभाग में अस्थायी कर्मचारियों की शर्तों के विस्तार के औचित्य पर सवाल उठाया गया था, जब एक ही विभाग में विभिन्न रैंकों में 5,000 से अधिक स्थायी पद खाली पड़े थे। यह इंगित करते हुए कि वर्तमान में राज्य अग्निशमन सेवा विभाग में 1,200 अस्थायी कर्मचारी हैं, याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया कि स्थायी रोजगार की कुर्सियों को खाली रखते हुए अस्थायी कर्मचारियों की शर्तों को बढ़ाकर ऐसे महत्वपूर्ण विभाग के कामकाज को कैसे प्रबंधित किया जा सकता है। अपनी दलील में राज्य के महाधिवक्ता एस.एन. मुखोपाध्याय ने बताया कि पश्चिम बंगाल अग्निशमन सेवा अधिनियम, 1950 के अनुसार, कुल कर्मचारियों की संख्या का 50 प्रतिशत स्थायी है, इसके लिए सीधी भर्ती की जाती है, जबकि शेष 50 प्रतिशत सहायक स्वयंसेवकों में से की जाती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने राज्य सरकार को अगले 15 दिनों के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

B-7_p-7.qxd 7/25/2023 8:01 PM Page 1





# डीजल अनुदान में फर्जीवाड़ा होने पर अफसरों से होगी वसूली

**पटना ,एजेंसी।** डीजल अनुदान में फर्जीवाड़ा होने पर कृषि विभाग के अफसरों से वसूली की जायेगी. जांच में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित कृषि समन्वयक, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और जिला कृषि पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी. इनलोगों से ही राशि की भी वसूली की जायेगी. कृषि निदेशालय की ओर से यह आदेश जारी किया गया है. किसानों की ओर से खरीदे गये डीजल का उपयोग खेती कार्य में हुआ है कि नहीं, इसकी कृषि समन्वयक जांच करेंगे. संतुष्ट होने के बाद इससे संबंधित जियो टैग फोटो अपलोड करेंगे. आवेदन स्वीकृति या अस्वीकृति की सूचना किसान के मोबाइल पर एसएमएस से भेजी जायेगी.

**पदाधिकारियों को निर्देश :** कृषि समन्वयक आठ दिनों में आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत कर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को ऑनलाइन ही भेजेंगे. यही कार्य अनुमंडल कृषि पदाधिकारी चार दिनों में कर जिला कृषि पदाधिकारी को भेजेंगे. जिला कृषि पदाधिकारी तीन दिनों में आवेदन की स्वीकृति देकर भुगतान के लिए भेजेंगे. अगर कृषि समन्वयक निर्धारित अवधि में आवेदनों का सत्यापन नहीं करते हैं तो आवेदन स्वतः स्वीकृत माना जायेगा और अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के पास चला जायेगा. डीजल अनुदान के लिए 22 जुलाई से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गयी है. डीजल पंपसेट से सिंचाई के लिए 75 रुपये प्रतिलीटर की दर से अनुदान मिलेगा. खरीफ फसलों की डीजल पंपसेट से सिंचाई के लिए प्रति एकड़ 750 रुपया अनुदान निर्धारित किया गया है. खरीफ मौसम में सामान्य से कम बारिश होने के कारण राज्य सरकार द्वारा फसलों की सिंचाई करने पर किसानों के लिए डीजल अनुदान का एलान किया गया है. 22 जुलाई से डीजल अनुदान के लिए विभागीय साइट पर ऑन लाइन आवेदन जमा होने लगे हैं. जानकारी के अनुसार, डीजल अनुदान के रूप में किसानों को 750 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान का लाभ मिलेगा. एक किसान अधिकतम आठ एकड़ खेत की सिंचाई के लिए अनुदान लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं. इसमें बिचड़ा आच्छादन के लिए अधिकतम दो सिंचाई के लिए 1500 रुपये की दर से अनुदान प्राप्त कर सकेंगे. इसी तरह धान, मक्का एवं अन्य खरीफ फसल में शामिल दलहनी, तेलहनी, मौसमी सब्जी के अधिकतम तीन सिंचाई के लिए किसानों को 2250 रुपये प्रति एकड़ की दर से डीजल अनुदान मिलेगा. डीजल अनुदान आवेदन के साथ किसानों को साक्ष्य/कागजात भी जमा कराना होगा. ताकि अनुदान के लिए उनके दावों की सत्यता की जांच की जा सके. डीजल अनुदान का लाभ एक परिवार के एक सदस्य को ही मिलेगा. किसानों को खरीफ फसलों की डीजल पंपसेट से सिंचाई करने के लिए खरीदे गये डीजल पर 75 रुपये प्रति लीटर की दर से अनुदान मिलेगा. किसान अधिकतम 750 रुपये प्रति एकड़, प्रति सिंचाई डीजल अनुदान के रुप में प्राप्त कर सकेंगे. किसानों को धान का बिचड़ा और जूट फसल की अधिकतम 2 सिंचाई के लिए 1500 रुपये प्रति एकड़, धान, मक्का या अन्य खरीफ फसलों के अंतर्गत दलहनी, तेलहनी, मौसमी सब्जी, औषधीय एवं सुगन्धित पौधे की अधिकतम तीन बार सिंचाई के लिए 2250 रुपये प्रति एकड़, प्रति किसान अधिकतम 8 एकड़ के लिए डीजल अनुदान देय होगा. पिछले साल की तुलना में इस बार किसानों को डीजल अनुदान के तौर पर अधिक राशि मिलेगी. पिछले साल 60 रुपये प्रति लीटर की दर से डीजल अनुदान मिला था. लेकिन इस साल 75 रुपये की दर से किसानों को अनुदान मिलेंगे. इसी तरह धान के बिचड़े की सिंचाई के लिए इस साल 750 रुपये प्रति एकड़ की दर से अधिकतम दो सिंचाई के लिए 1500 रुपये अनुदान मिलेंगे.



# बिहार में 28 जुलाई तक बारिश की उम्मीद नहीं: प्रदेश में अब तक 44 प्रतिशत कम बारिश

**पटना ,एजेंसी।** बिहार में मानसून कमजोर पड़ा हुआ है। अगले 3 से 4 दिनों तक बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। 28 जुलाई के बाद मौसम बदल सकता है। 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश की कमी सामान्य से 34 फीसदी थी। जो महज 7 दिनों में 10 फीसदी बढ़कर 44 फीसदी हो गई। समय के साथ यह अंतर भी काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। वहीं एक जून से लेकर 24 जुलाई तक कुल 432 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन मात्र 241 एमएम बारिश हुई। मतलब राज्य में अब तक 44 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई है। बगहा में देर रात से हल्की-हल्की बारिश हो रही है। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

## किसानों को सलाह

मौसम विभाग की ओर से किसानों को यह सलाह दी गई है कि अगले 3 से 4 दिनों तक ऐसी स्थिति जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग केंद्र पटना की ओर से किसानों को धान के बिचड़े को बचाने और रोकने के लिए पानी का उचित प्रबंध करने को कहा गया है। मौसम विभाग की ओर से यह बताया गया है कि मानसून अभी अपने सामान्य स्थिति से दक्षिण दिशा की ओर है। आने वाले तीन-चार दिनों में इसके दक्षिण दिशा की ओर ही बने रहने के आसार हैं। मानसून ट्रफ की वर्तमान स्थिति इंदौर, दामोह, पेंड्रारोड, गोपालपुर और पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक ही प्रभावी है। इसके चलते 28 जुलाई तक बारिश की गतिविधियां बेहद कम होंगी। यानि अगले चार दिनों तक बिहार में बारिश की संभावना नहीं है।

## धान की रोपनी अब तक महज 47-48 प्रतिशत ही हो पाई

पूरे प्रदेश में अब तक सामान्य से 44 फीसदी कम बारिश हुई है, जिसका असर धान की रोपनी पर भी देखने को मिल रहा है। धान की रोपनी अब तक 47-48 प्रतिशत ही हो पाई है। अगर प्रदेश में बारिश सामान्य रहती तो अब तक 80 से 82 फीसदी तक रोपनी हो चुकी होती।

# सपा करेगी इंडिया की मेजबानी: नवंबर-दिसंबर में यूपी में जुटेंगे विपक्षी दलों के नेता, मकसद एक संदेश देने का



**लखनऊ , एजेंसी।** समावेशी विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता नवंबर-दिसंबर में यूपी में जुटेंगे। लोकसभा चुनाव घोषित होने के कुछ समय पहले सूफी-संतों और गंगा-जमुनी तहजीब की इस धरती से इंडिया के नेता अपना संदेश देंगे। बैठक के लिए शहर का चयन अभी फाइनल नहीं है, लेकिन मेजबानी की जिम्मेदारी समाजवादियों के कंधे पर तय मानी जा रही है।

जून में जेपी मूवमेंट के गढ़ रहे पटना में समावेशी गठबंधन नींव पड़ने के साथ ही निर्णय लिया गया था कि इसकी अधिकांश बैठकें दिल्ली से बाहर होंगी। जुलाई में बंगलुरु में बैठक का आयोजन हुआ और अब अगस्त में मुंबई में जुटना है। इसके लिए अगस्त के दूसरे या तीसरे सप्ताह की कोई तारीख घोषित हो सकती है।

इंडिया के रणनीतिकारों का मानना है कि प्रमुख घटक दलों को अपने-अपने प्रभाव वाले राज्यों में मेजबानी का मौका मिलना चाहिए, जिससे स्थानीय मीडिया के जरिये जनता में बेहतर संदेश जाएगा। हर राज्य के लोगों को यह महसूस कराना होगा कि भाजपा गठबंधन अपराजेय नहीं है। धर्मनिरपेक्ष ताकतों की एकजुटता इंडिया को सत्ता तक पहुंचा सकता है।

प्रयास है कि इंडिया की अगली बैठकें पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में पूरी तैयारी के साथ की जाएं। समाजवादी सूत्रों की मानें तो यूपी में इंडिया की बैठक तब होगी, जब लोकसभा चुनाव घोषित होने के आसार दिखने लगेंगे।

# लोकसभा चुनाव: निषाद पार्टी के अध्यक्ष बोले, 37 लोकसभा सीटों पर संगठन तैयार, हम अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि 37 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए हमारा संगठन तैयार है। हम अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं भाजपा 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर हारी थी वो सभी हमें दे दे। हम उन्हें जीतकर दिखा देंगे। डॉ. संजय निषाद मंगलवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपनी पार्टी की तैयारियों पर चर्चा की।




उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी विस्तार कर रही है जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और भविष्य में पार्टी दूसरे राज्यों में भी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि बीते दिन वह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दौरे पर थे। वहां पार्टी के विस्तार को लेकर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की साथ ही निषाद पार्टी द्वारा आयोजित केवट सम्मेलन में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मछुआ समाज कांग्रेस सरकार से प्रताड़ित है क्योंकि वहां की प्रदेश सरकार दमनकारी नीतियों से प्रदेश के मछुआ समाज को प्रताड़ित कर रही है जिसका जवाब मछुआ समाज आगामी विधानसभा चुनाव में देगा।

निषाद ने बताया कि छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रभारी ओम माथुर और प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ से भी भाजपा मुख्यालय रायपुर में मुलाकात हुई है। निषाद पार्टी ने भाजपा छत्तीसगढ़ को अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि आगामी चुनाव में निषाद पार्टी गठबंधन के में चुनाव लड़ना चाहती है।

**पूर्व सांसद फूलन देवी की संपत्ति को सपा के नेताओं से मुक्त करके उनकी मां को सौंपा जाए:** डॉ. संजय निषाद ने इस अवसर पर बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग की है कि पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की समाजवादी पार्टी पोषित माफियाओं से संपत्ति को मुक्त करवाकर उनकी माता जी के नाम की जाए। उन्होंने कहा कि फूलन देवी मछुआ समाज की ही नहीं विश्व की महिलाओं के लिए आदर्श रही हैं। उन्होंने समाज को जागरुक करने के लिए अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोला और महिलाओं के सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी।

# बदल रहा है गोरखपुर: आठ लेन होगा राप्ती पर बना राजघाट पुल, जल्द जारी होगा शासनादेश

**गोरखपुर एजेंसी।** राप्ती नदी पर बना राजघाट पुल अब आठ लेन का होगा। सोमवार को शासन की व्यय वित्त समिति ने सेतु निगम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जल्द ही इस संबंध में शासनादेश जारी होने की उम्मीद है। गोरखपुर से लखनऊ और वाराणसी जाने वाले रास्ते पर स्थित राप्ती नदी पर राजघाट पुल बना है।

करीब चार महीने पूर्व सेतु निगम ने इस पुल को आठ लेन करने के लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) शासन को भेजी थी। सेतु निगम के डीपीआर में लखनऊ जाने वाली लेन के निर्माण में 192 करोड़ और गोरखपुर शहर की तरफ लेन के निर्माण के लिए 198 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान लगाया गया है। पुल के दोनों ओर जमीन अधिग्रहण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आठ लिंक पुल बनाने की योजना के लिए जल्द ही जमीनों का अधिग्रहण भी शुरू हो जाएगा। इससे लखनऊ और वाराणसी से गोरखपुर आने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। नौसड़ से पैडलेगंज तक सिक्सलेन का निर्माण चल रहा है। इस पुल के बन जाने के बाद नौसड़ से वाराणसी फोरलेन और लखनऊ जाने वाले रास्ते पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी।

सेतु निगम के अधिकारियों के मुताबिक, वर्तमान पुल के समानांतर ही नए पुल बनाए जाएंगे। इनकी लंबाई 400 मीटर और चौड़ाई 8.50-8.50 मीटर होगी। राजघाट का पुराना पुल वर्ष 1965 में बना था। सेतु निगम परियोजना प्रबंधक एके सिंह ने कहा कि राजघाट पुल को आठ लेन बनाने के प्रस्ताव को शासन की व्यय वित्त समिति ने मंजूरी दे दी है। जल्द ही इसका शासनादेश जारी हो जाएगा।

# मां ने बेटों संग मिलकर बेटी को मौत के घाट उतारा; घर में ही दफनाया



**सीतामढ़ी ,एजेंसी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले से हॉरर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परसौनी मैलवार में अपनी बेटी के प्रेम-प्रसंग से नाराज मां ने दो बेटों के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद बेटी के शव को घर के ही एक कमरे में दफना दिया।

# नौकरी के नाम पर हड़पे 40 लाख रुपये, मां-बेटा और पत्नी के खिलाफ केस दर्ज

**आगरा एजेंसी।** आगरा में जलकल विभाग में मृतक आश्रित कोटे में नौकरी का झांसा देकर चार युवकों से 40 लाख रुपये लेकर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिए गए। विभाग में पहुंचने पर उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। रकम वापस मांगने पर आरोपी मां-बेटा और उसकी पत्नी ने चेक दिए जो बाउंस हो गए। अब आरोपी धमकी दे रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाने में तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बमरौली अहीर के दीक्षा केसीआर टाउन निवासी विशाल शर्मा ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि वह बालूगंज स्थित एक स्कूल में पढ़े हैं। वहीं बालूगंज का हर्षित शर्मा भी पढ़ता था। इससे उनमें मित्रता और घर आना-जाना था। हर्षित के पिता जलकल विभाग में थे। उनकी मौत होने पर मृतक आश्रित कोटे में हर्षित की नौकरी लग गई। मार्च 2020 में हर्षित और उसकी मां शशि जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में मिले। दोनों ने बताया कि जलकल महाप्रबंधक आरएस यादव से उनकी घनिष्ठता है। किसी की नौकरी लगवानी हो तो बता देना। एक व्यक्ति के 10 लाख रुपये लगेंगे। विशाल ने बताया कि सरकारी नौकरी होने की वजह से वह तैयार हो गए। उन्होंने अपने परिचित फिरोजाबाद के गांधी नगर निवासी राहुल, उसके भाई रोहित और इटावा निवासी अमन दुबे से भी बात की। चारों ने रुपयों का इंतजाम कर 32.30 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। 7.70 लाख रुपये बाद में ट्रांसफर किए। 13 जुलाई को हर्षित ने एक नियुक्ति पत्र दिया। पत्र में रामदत्त की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे में विशाल की नौकरी लगने के बारे में लिखा था। शिकायत पर आरोपियों ने कहा कि नौकरी ऐसे ही लगती है। थाना सदर के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर हर्षित शर्मा, उसकी मां शशि शर्मा और पत्नी अंजलि शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक साजिश और अमानत में खयानत की धारा में केस दर्ज किया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

## चेक दे दिए, नहीं थी खाते में रकम

विशाल ने पुलिस को बताया कि हर्षित ने कहा था कि चारों की नौकरी मृतक आश्रित कोटे में लगवा दी है। चारों नियुक्ति पत्र लेकर जलकल कार्यालय पहुंचे, जहां नियुक्ति पत्रों को फर्जी बताया गया। रुपये वापस मांगे तो उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, संजय प्लेस शाखा के तीन चेक दिए गए। चेक बाउंस हो गए। बताने पर उसने मकान बेचकर रकम अदा करने का झूठा आश्वासन दिया। अब धमका रहा है। फोन उठाने भी बंद कर दिए हैं।

## आगरा में ठगों का जाल

आगरा में नौकरी के नाम पर पहली बार धोखाधड़ी नहीं की गई है। जलकल, रेलवे व नगर निगम में नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी के मामले सामने आ चुके हैं। इस संबंध में थाना जगदीशपुरा, ताजगंज, सदर, हरीपर्वत में मुकदमे भी दर्ज हैं।

# बंगाल

## मुर्शिदाबाद सेंट्रल जेल में कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत बहरमपुर जेल में बंद विचाराधीन कैदी जमाल शेख (30) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों का आरोप है कि लंबे समय से उसकी सेहत खराब थी लेकिन जेल प्रबंधन ने चिकित्सा में लापरवाही की जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है।पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि रविवार को बरहमपुर सेंट्रल जेल में जमाल की तबीयत बहुत बिगड़ गई थी। उसे वहां से मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती किया गया लेकिन परिवार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। दूसरे जरिए से खबर मिलने के बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे तो परिवार को अस्पताल में नहीं घुसने दिया गया। जमाल की पत्नी चंपा खातून को पति से मिलने भी नहीं दिया गया। मंगलवार की सुबह अस्पताल की ओर से बताया गया कि जमाल की मौत हो गई है। आरोप है कि जेल प्रबंधन ने या तो उसे बर्बर तरीके से मारा-पीटा है या चिकित्सा में लापरवाही की वजह से उसकी जान गई है। फिलहाल जिला प्रशासन ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे के बाद उसकी मौत हुई है जिसके बाद परिवार ने हंगामा शुरू किया है।

## बेलडांगा विस्फोट: एनआईए ने अदालत से यूएपीए की धारा जोड़ने का किया अनुरोध

**मुर्शिदाबाद।** बेलडांगा विस्फोट मामले में एनआईए ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की एक धारा जोड़ने के लिए विशेष एनआईए अदालत में एक याचिका दायर की है। जांच एजेंसी का मानना है कि आरोपित उग्रवादी गतिविधियों में शामिल हैं। इसलिए इस धारा को जोड़ने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि एनआईए ने पिछले साल अक्टूबर में बेलडांगा विस्फोट की जांच अपने हाथ में ली थी। जनवरी में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा पुलिस स्टेशन के रामेश्वरपुर इलाके में एक विस्फोट हुआ था। आरोप था कि सॉकेट बम बांधते समय विस्फोट हुआ। विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने विस्फोट स्थल की तलाशी ली और एक क्षतिग्रस्त घर से 75 सॉकेट बम बरामद किए थे साथ ही बम बनाने के उपकरणों को भी बरामद किया था। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस ने जांच शुरू की। घटना के तीन महीने के अंदर पांच आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बड़ी जानकारियां सामने आईं। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस घटना की जांच अपने हाथ में ले ली। एनआईए ने दिल्ली में एफआईआर दर्ज की। वहीं एसटीएफ ने भी विस्फोटक सप्लायर मुक्तार खान को गिरफ्तार कर लिया था।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी सहित 3 गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** पति की तहत हत्या के आरोप में प्रधान नगर थाना की पुलिस ने पत्नी सहित तीन लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम सुमित्रा राय घोष (26), सुचित्रा बर्मन (23) और नंदा राय (26) हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को प्रधान नगर थाना अंतर्गत समर नगर इलाके में एक घर के अंदर तपन घोष का फंदे से लटकता शव बरामद किया गया था जिसके बाद मृतक तपन घोष के परिजनों ने मौत के लिए उसकी पत्नी सुमित्रा पर संदेह जाहिर किया था। इसके बाद प्रधान नगर थाना की पुलिस ने मृतक तपन घोष की पत्नी सुमित्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया जा रहा है कि पूछताछ में सुमित्रा ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसके इस गुनाह में उसकी बहन सुचित्रा और सहेली नंदा ने साथ दिया। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी, साली और सहेली को हत्या के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रधान नगर थाना की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## प्रख्यात हस्तियां की गईं सम्मानित



**कोलकाता।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया, कोलकाता चैप्टर द्वारा समाज के प्रति विशेष योगदान के लिए प्रख्यात हस्तियों को सम्मानित किया गया। समाज सुधारक राजा राम मोहन रॉय की 251वीं जन्म वर्ष पर कोलकाता टाउन हॉल में उक्त कार्यक्रम हुए। जागृति धाम-इन्फिनिटी प्रेजेंट्स राजा राममोहन रॉय अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से संतूर लीजेंड पंडित तरुण भट्टाचार्य; प्रख्यात समाज सुधारक अलोकानंद रॉय, कला, संगीत और सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए लोपामुद्रा मित्राष संगीत थिएटर, फिल्म कार्यकर्ता, और पुरालेखपाल डॉ. देवजीत बंद्योपाध्याय; अभिनेत्री, फिल्म, थिएटर और टेलीविजन व्यक्तित्व चैती घोषाल; और प्रसिद्ध व्याकरणविद् और लेखक डॉ. पारेस चंद्र दास को प्रदान किया गया । राधानगर पल्ली समिति के सचिव बासुदेव बसु को पीआरएसआई कोलकाता चैप्टर द्वारा भारत पथिक सम्मान से सम्मानित किया गया।

## बीरभूम में विस्फोट, हावड़ा में बमबाजी

**हावड़ा/बीरभूम।** बीरभूम जिले के लोकपुर थानान्तर्गत देमुर्तिता गांव में मंगलवार की सुबह एक तृणमूल कार्यकर्ता के घर में विस्फोट होने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, तृणमूल कार्यकर्ता शेख जमाल के निर्माणाधीन मकान में अचानक विस्फोट हो गया। सूत्रों के मुताबिक, रेत में छिपाकर बम रखा गया था, जो अचानक फट गया। भयावह धमाके से इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

## मणिपुर मामले में सड़कों पर उतरेगी तृणमूल महिला कांग्रेस

**कोलकाता ।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने की घटना के खिलाफ पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने सड़कों पर उतरने की घोषणा की है। पार्टी की महिला इकाई की ओर से बुधवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक जिले में विरोध मार्च किया जाएगा। तृणमूल महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जो घटना हुई है वह लज्जाजनक है। राजनीतिक विरोधों से ऊपर उठ कर इस घटना के खिलाफ सभी को एकजुट होना होगा। महिला संगठन की ओर से बुधवार को बड़ा आंदोलन होगा। पूरे घटनाक्रम पर तृणमूल कांग्रेस की नजर है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य विधानसभा में निंदा प्रस्ताव लाने की भी घोषणा की है।

## दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित 3 लोगों को बीएसएफ ने पकड़ा

**दक्षिण दिनाजपुर।** दक्षिण दिनाजपुर जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के तहत 137वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीओपी चकगोपाल के जवानों ने दो बांग्लादेशी महिलाओं सहित तीन को पकड़ा है जिनमें एक भारतीय है। पकड़े गए भारतीय का नाम सुकुमार साहा (53) है जबकि पकड़ी गई दोनों बांग्लादेशी महिलाओं के नाम गोपनीय रखा गया है। मंगलवार को बीएसएफ की तरफ से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार, दोनों बांग्लादेशी अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए बिना बाड़ वाले इलाकों से अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश की सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे तभी पकड़े गए जबकि पकड़े गए भारतीय तस्कर सुकुमार साहा को उस समय पकड़ा गया जब वह स्कूटी से बालुरघाट से त्रिमोहानी की ओर जा रहा था। गहन तलाशी के दौरान उसके पास से 100 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुआ जिसे भारत से बांग्लादेश में तस्करी के उद्देश्य से स्कूटी की सीट के नीचे छिपाकर ले जा रहा था। बीएसएफ ने पकड़े गए तीनों आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए हिली थाने को सौंप दिया है।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। शिमरोन हेटमायर और तेज गेंदबाज ओशेन थॉमस की वनडे टीम में वापसी हुई है, जबकि पूर्व कप्तान निकोलस पूरन और ऑलराउंडर जेसन होल्डर को टीम से बाहर कर दिया गया है। 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जेडन सील्स और यानिक कैरियाह को भी जगह मिली है। ये दोनों चोट और सर्जरी की बाद वापसी कर रहे हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती को भी चोट से उबरने के बाद स्क्वॉड में जगह मिली है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 27 जुलाई से होने जा रही है। पहला मुकाबला बारबाडोस में खेला जाएगा। चोटिल ऑलराउंडर कीमो पॉल को मौका नहीं दिया गया, जबकि कहा जहा है कि पूर्व कप्तान निकोलस पूरन और जेसन होल्डर चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। हेटमायर और थॉमस पिछले कुछ समय से वेस्टइंडीज के वनडे सेटअप से बाहर थे। दोनों ने



आखिरी बार लगभग दो साल पहले इस प्रारूप में खेला था। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, ÷हम थॉमस और हेटमायर का वनडे टीम में स्वागत करते हैं। दोनों ने पहले भी इस फॉर्मेट में सफलता हासिल की है। हमें विश्वास है कि वे सेट-अप में अच्छी तरह फिट होंगे।

हेन्स ने कहा, ओशेन के पास गति है और वह नई गेंद से विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं, हेटमायर की बैटिंग स्टाइल बीच के ओवरों में हमारी काफी मदद करेगी और साथ ही वह एक संभावित फिनिशर भी हैं।÷ भारत में आगामी वनडे विश्व कप के लिए क्वालिफिकेशन से चूकने के बाद वेस्टइंडीज को अपने 50 ओवर के खेल को फिर से निखारना होगा। 27 जुलाई से शुरू होने वाली सीरीज के पहले दो मैच बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें एक अगस्त को त्रिनिदाद जाएंगे, जहां ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीसरा वनडे खेला जाएगा।

**वेस्टइंडीज की वनडे टीम :** शाई होप (कप्तान), रोवमन पॉवेल (उप कप्तान), एलिक अथानाजे, यानिक कैरियाह, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिंक्लेयर, ओशेन थॉमस।

**वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

# भारत ने वेस्टइंडीज से लगातार नौवीं टेस्ट श्रृंखला जीती



**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट में बारिश विलेन बनी। पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में हुए टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल बारिश की वजह से पूरी तरह से धुल गया। एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। ऐसे में भारत को लगभग जीते हुए टेस्ट को ड्रॉ पर समाप्त करना पड़ा। टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज 1-0 से अपने नाम की। भारत ने डोमिनिका में खेला गया पहला टेस्ट पारी और 141 रन से अपने नाम किया था। अब भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज का पहला मुकाबला बारबाडोस में 27 जुलाई को खेला जाएगा। भारत ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के सामने 365 रन का लक्ष्य रखा था। रविवार का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट पर 76 रन बना लिए थे। पांचवें और आखिरी दिन उसे 289 रन की जरूरत थी। वहीं, भारत को जीत के लिए आठ विकेट चाहिए थे। हालांकि, कोई खेल नहीं हो सका। ऐसे में भारत को 1-0 से ही संतुष्ट होना पड़ा। वेस्टइंडीज भी क्लीन स्वीप से बच गया। भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 255 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में टीम इंडिया को 183 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने दूसरी पारी दो विकेट पर 181 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुल 364 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह वेस्टइंडीज को 365 रन का लक्ष्य मिला था। यह भारत और वेस्टइंडीज के बीच 100वां टेस्ट भी था। भारतीय समयानुसार शाम सात बजे मैच शुरू होना था, लेकिन तब से ही काफी बारिश हो रही थी। रात साढ़े नौ बजे के आसपास लंच लिया गया। तब बारिश रुक चुकी थी और कवर्स हटा लिए गए थे। मैच जैसे ही शुरू होने वाले था, बारिश ने फिर दस्तक दी और पिच को कवर्स से ढक दिया गया।

# डियर साप्ताहिक लॉटरी के ₹1 करोड़ के विजेता बने उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी फिरजू राम



**उत्तर प्रदेश,** 25 जुलाई। उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी फिरजू राम साप्ताहिक लॉटरी के 1 करोड़ के विजेता बन गये हैं। इस तरह फिरजू राम ने भी डियर के करोड़पति की सूची में नाम लिखा लिया है। उसने 03-05-2023 तिथि को नगालैंड स्टेट लॉटरी के डियर मार्निंग ड्रा का टिकट खरीदा। खेला का नाम है-डियर हिल वेडनेसडे वीकली लाटरी। उसी दिन उन्हें पता चला कि उन्होंने जो टिकट खरीदा था उसे 1 करोड़ का प्रथम पुरस्कार मिला है। लक्की टिकट का नंबर है-99सी 21033। पहले तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ। बाद में उन्हें पता चला कि समाचार सही है। फिरजू राम ने बताया कि डियर साप्ताहिक लॉटरी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। प्रत्येक खेला का सीधा प्रसारण होता है, इसीलिए लोग आकर्षित हो रहे हैं।

नागालैंड स्टेट लॉटरीज
UNITY GOVERNMENT OF NAGALAND
डियर सरकारी लॉटरी
M.R.P. ₹ 6
1.00 PM | 6.00 PM | 8.00 PM
प्रथम पुरस्कार ₹ 1 करोड़
Prize Amount for Sellers : ₹ 5 Lakhs* (on Sale of 1st Prize Ticket)
★TDS 5% Applicable on Seller Prize Amount (Section 194G)
WATCH LIVE DRAW in YOUTUBE
₹5 करोड़ के हालिया विजेता
DEAR LOHRI — Mr. MUKESH SHARMA — Draw Date: 16.01.2023 Ticket No. 454606
DEAR DIWALI KALI PUJA — Mr. SUMAN DASMAHANTA — Draw Date: 25.10.2022 Ticket No. 35290
DEAR DIWALI SPECIAL — Mr. RUDRA PRATAP MAHANTY — Draw Date: 22.10.2022 Ticket No. B 824824
DEAR DURGA PUJA — Mr. SUDIP MAITY — Draw Date: 08.10.2022 Ticket No. 44343
DEAR CHRISTMAS & NEW YEAR — Mr. ATTAR SINGH — Draw Date: 01.01.2022 Ticket No. 76465
DEAR GOVERNMENT LOTTERIES ने बनाए हैं 2379 करोड़पति
₹ 5 Crores x 15, ₹ 3 Crores x 2, ₹ 2.50 Crores x 23, ₹ 2.10 Crores x 4, ₹ 2 Crores x 7, ₹ 1.50 Crores x 6, ₹ 1.25 Crores x 17 & ₹ 1 Crore x 2305 WINNERS (From 16.04.2019 to 23.07.2023)
For Enquiries, Call (Toll Free): 1800 103 6711 (W.B.)
टिकट सभी लॉटरी काउन्टरों पर उपलब्ध हैं
क्या आप अगले करोड़पति हैं?

UDAAN
Regd. No.: S/2B/27993
।। श्री गणेशाय नमः।।
श्रीमद भागवत कथा
दिनांक बृहस्पतिवार 27 जुलाई से बुधवार 2 अगस्त 2023 दोपहर 2 से संध्या 5 बजे तक
स्थान डिविनीटी पेविलीयन 241 गोलाघाटा रोड श्री भूमि कोलकाता-48
विशेष कार्यक्रम : वार के अनुसार प्रत्येक दिन भजन तथा सम्मान समारोह प्रातः 11 से 1 बजे तक
आयोजक : श्री भूमि उड़ान
मुख्य यजमान श्रीमती विनीता सराफ - श्री रविश सराफ
सहयोगी संस्थायें
AKHIL BHARTIYA AGARWAL SAMMLEN, ALCOVE GLORIA, AVANI OXFORD
BANGUR AVENUE SANSAD, BANGUR JAGRAN MANCH,
CLUB TOWN GREENS RESIDENTS ASSOCIATION, LAKETOWN COMPLEX
SALT LAKE SANSKRITIK SANSAD, SHREE SHYAM MANDIR BANGUR,
SHYAM LAKE GARDEN RESIDENTS WELFARE ASSOCIATION
SHREE SHYAM MANDIR, GHUSRI, SHREE SHYAM MANDIR, ALAMBAJAR
SALT LAKE NARESH DEVALAY - FC PARK SALTLAKE,
SRIBHUMI SATSANG SAMITI, SRIBHUMI BIKASH MANCH
SRI BAL HANUMAN MANDIR DHAM, LAKETOWN
वृन्दावन की सुप्रसिद्ध मण्डली श्री मधुसूदन शर्मा द्वारा रासलीला
प्रतिदिन : संध्या 6 से 7.30 बजे तक
कथा वाचक : भागवत मर्मज्ञ श्री नारायण जी शर्मा (वशिष्ठ)
LIVE
उद्‌घाटनकर्त्ता : श्री सुजीत बोस MINISTER IN CHARGE FIRE & EMERGENCY SERVICE
हमारे यजमान, भगवत प्रेमी तथा शुभचिन्तक
SRI LALIT BERIWAL
SRI SMT. BIMLA ASHOK TODI
SRI SMT. HEMA LALIT KESHAN
SRI SMT. KRISHNA RAMPHOOL MITTAL
SRI SMT. NEETU MANOJ AGARWAL
SRI SMT. RASHMI SANJAY PODDAR
SRI SMT. SALINI RAJENDRA AGARWAL
SRI SMT. SANTOSH SANJAY KANSAL
SRI SMT. SIKHA SANJAY BAGDIA
SRI SMT. SUNITA MANOJ AGARWAL
SRI SMT. TRIPTA RAMESH MITTAL
SRI VIRAM PRAKASH SULTANIA (MUNNA BABU)
SRI BIJAY AGARWAL (MOLI BANQUIET)
SRI BRIJESH AGARWAL
SRI D. C. BHANDARI
SRI K. B. AGARWAL
SRI BIRENDRA PANDEY
SRI P. K. RUNGTA
SRI S. R. AGARWAL (BASERA)
SRI SURESH GADODIA
SRI UTTAM GUPTA
SRI SMT. CHANDRAKANTA MAHESH AGARWAL
SRI SMT. INDU SUSHIL GOENKA
SRI SMT. MAINA DEVI SURESH AGARWAL
SRI SMT. RANJANA JITESH SHARMA
SRI SMT. SHAKSHI BINAY SINGHANIA
SRI SMT. SAROJ BIMAL AGARWAL
SRI SMT. SAVITRI SURESH GUPTA
SRI SMT. SUMAN RAJESH GUPTA
SRI SMT. SUNITA RAJ KUMAR JAJODIA
SRI SMT. URMILA KAILASH KEDIA
SRI ANUP JAIN
SRI BAIJNATH MITTAL
SRI BISHWANATH BHUWALKA
SRI JITENDRA AGARWAL (DABBU)
SRI K. C. AGARWAL
SRI KRISHN BAHETI
SRI MUKESH BAJORIA
SRI RAM KISHORE LUHARIWALA
SRI SHASHIKANT BAJAJ (PINTU)
SRI SUSHIL GOEL
SRI VIJAY DARUKA
विशेष सहयोगी : श्री हनुमान मित्र संघ सेवा ट्रस्ट
अध्यक्ष : सज्जन सराफ सचिव : राजेश पिथिसरिया कोषाध्यक्ष : विनोद शर्मा
Programme Coordinator LAXMAN AGARWAL
KIRAN AGARWAL Founder Chairperson | ASHA JINDAL Founder Director | UMA JHAWAR President | MANISHA JAIN Secretary
RANJANA AGARWAL Treasurer | MADHU AGARWAL Vice President | SANGEETA RATHI Jt. Secretary | SEEMA AGARWAL Vice President
PRABHA AGARWAL (P.R.O)
Alka Dhandhania, Bhavna Agarwal, Kavita Chugh, Madhu Saraogi, Neetu Agarwal, Rashmi Poddar, Sangeeta Gupta, Savita Soni, Shikha Bagaria, Sweta Tibrewal
Anita Agarwal, Deepa Didwania, Khushi Sharma, Mamata Goel, Rakhi Saraf, Rashmi Saraf, Sarita Sharma, Seema Agarwal, Sunita Agarwal
Anjana Agarwal, Hema Keshan, Madhu Gupta, Meenakshi Sharma, Rashmi Deora, Ritu Mittal, Saroj Agarwal, Shakshi Saraogi, Sunita Agarwal
Tripti Poddar, Babita Agarwal, Indu Soni, Madhu Rastogi, Neelam Sharma, Rashmi Maskara, Ruma Patel, Saroj Madhogaria, Sheetal Agarwal, Sunita Agarwal
PROGRAME SUPPORTER Bina Kedia Kajal Agarwal Poonam Pithisaria Poonam Verma
Neha Agarwal Rina Bajaj Ritika Poddar Sangita Chomal Seema Bahety
प्रवेश निःशुल्क (कार्ड आवश्यक नहीं) पहले आएँ - पहले स्थान पाएँ
BAMBASUKI
Courtesy by kasish God's Personal Fashion Desinger
Rajesh Kr. Gupta : 98300 07838
Meena Sparsh
Kalipark, Rajarhat, Nr. Sanjay Marbles
kasish2019march@gmail.com

स्वत्वाधिकारी एल.एस. पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक ममता वाजपेयी द्वारा 4, केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित एवं प्रकाशित। **संपादक : राजेन्द्र नारायण वाजपेयी।**
Phone : 2236-1572, 2211-9429, E-mail - bharatmitra1@gmail.com, Fax No.- 033-2215-1533, **हवाई शुल्कः** अगरतला 6 रुपये, गुवाहाटी 5 रुपये, पोर्टब्लेयर 8 रुपये। प्रकाशन से उत्पन्न सभी विवाद कलकत्ता उच्च न्यायालय के अधीन